# देशबन्धु

वर्ष – 9 । अंक –132 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 7 अगस्त 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



3.46 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला 816 वाहनों पर की कार्रवाई, पुलिस सख्त – पृष्ठ 3

▸ भारत में बढ़ती असमानता और सिकुड़ते अवसर
▸ डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन : भारत की हरित क्रांति के जनक – पृष्ठ 4

▸ भारत को पदक जीतने के लिए मजबूती से खेलना होगा: प्रीतम – पृष्ठ 5

20 लाख की चोरी का खुलासा, अंतरजिला गैंग के दो शातिर नकबजन गिरफ्तार – पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का गुरुवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। सामरिक बल कमान की देख-रेख में किये गये परीक्षण के दौरान सभी संचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई। यह मिसाइल 4,000 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है और एक टन वजनी परमाणु हथियार ले जा सकती है। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल से देश की रणनीतिक रक्षा और प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी।

### नीरज डांगी राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के सचेतक नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा सदस्य नीरज डांगी को राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल का सचेतक (व्हिप) नियुक्त किया है। कांग्रेस संसदीय दल ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री डांगी को राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल का सचेतक बनाया गया है। राज्यसभा सदस्य रजनी अशोकराव पाटिल के सेवानिवृत्त होने से यह पद रिक्त हुआ है। श्री डांगी की नियुक्ति राज्यसभा सदस्य श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल के सेवानिवृत्त होने से रिक्त हुए सचेतक के पद पर की गई है।

### झारखंड : दलमा में बड़ी नक्सली साजिश नाकाम

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड के दलमा जंगल क्षेत्र में माओवादियों की नई गतिविधियों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि सारंडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के बाद माओवादी संगठन दलमा इलाके में फिर से अपना नेटवर्क खड़ा करने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। संयुक्त अभियान चलाकर इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। इस दौरान तीन इनामी नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और उनकी निशानदेही पर दलमा पहाड़ से हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है।

### सड़क हादसे में अतीक अहमद के छोटे बेटे की मौत

**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अबान अहमद समेत दो लोगों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है सभी कार सवार प्रयागराज से झांसी जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे अली अहमद से मुलाकात करने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, हादसा झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूछ थाना क्षेत्र के के पास हुआ। प्रयागराज से झांसी आ रही क्रेटा कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि हादसे में अतीक के बेटे अबान समेत दो की मौत हो गई। अन्य घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी प्रयागराज के निवासी बताए गए हैं।

### दूषित पेयजल से बच्ची की मौत पर एनएचआरसी का ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के अंबाला जिले के शाहजादपुर में दूषित पेयजल के सेवन से पीलिया होने के कारण 12 वर्षीय बच्ची की मौत के मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने गुरुवार को बताया कि आयोग ने मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़ा मानते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। तीन अगस्त को प्रकाशित खबर में बताया गया था कि 12 वर्षीय बच्ची का पहले स्थानीय अस्पताल में पीलिया का इलाज किया गया था।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सदन में आकर बयान दें

# संसद को बाधित करने के लिए सत्तापक्ष जिम्मेदार : खरगे

- सरकार विपक्ष को अपनी बात भी नहीं रखने देती
- कांग्रेस पूरे देश के छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में गतिरोध के लिए सत्तापक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मामले में सदन में आकर जवाब देंगे तब ही संसद सुचारु रूप से चल सकेगी। श्री खरगे ने गुरुवार को यहां अपने आवास 10 राजाजी मार्ग पर संवाददाताओं से कहा कि विपक्ष पिछले 15 दिनों से छात्रों पर हुए कथित अत्याचार, लाठीचार्ज, पैलेट गन और आंसू गैस के इस्तेमाल के मुद्दे पर गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग कर रहा है लेकिन सरकार लगातार इससे बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, इसके बावजूद उनके खिलाफ बल प्रयोग किया गया और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल यह जानना चाहता है कि छात्रों पर लाठीचार्ज, पेलेट गन और आंसू गैस के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया। यदि गृह मंत्री सदन में आकर स्थिति स्पष्ट कर देते तो इस मुद्दे पर चर्चा हो जाती और संसद का कामकाज सामान्य रूप से चल सकता था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा के सभापति ने भी संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू से कहा है कि सदन की इच्छा है कि गृह मंत्री सदन में आकर अपनी बात रखें लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को अपनी बात रखने का अवसर भी नहीं देती और जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबदेही से बच रही है।

**छात्रों की आवाज उठाती रहेगी पार्टी**

श्री खरगे ने कहा कि विपक्ष संसद को बाधित करने की बजाय चाहता है कि सदन में सार्थक चर्चा हो। यदि श्री मोदी छात्रों और उनके अभिभावकों से माफी मांग लें तथा श्री शाह सदन में बयान दे दें तो संसद का गतिरोध समाप्त हो सकता है। झारखंड में छात्रों से जुड़े घटनाक्रम के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश के छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि झारखंड, पंजाब, दिल्ली या किसी भी राज्य में छात्रों के साथ अन्याय होगा तो कांग्रेस उनकी आवाज उठाती रहेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

### पुलिस बर्बरता व चढ़ावा चोरी पर फिर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छात्रों पर पुलिस बर्बरता और मंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दों को लेकर 14 वे दिन में संसद में भारी हंगामा हुआ, जिसके चलते दोनों सदनों कार्यवाही बाधित हुई। राज्यसभा में जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे बोलने के लिए खड़े हुए तो भाजपा के सांसदों ने टोका टाकी शुरू की जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। बाद में उन्होंने कहा कि वे दो ही चीज चाहते हैं, पहला गृह मंत्री अमित शाह सदन में आ कर बयान दें कि बच्चों पर लाठी और पैलेट गन क्यों चली? दूसरे प्रधानमंत्री मोदी माफी मांगे। खरगे के मुताबिक राज्यसभा के सभापति ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू से कहा है कि सबकी इच्छा है कि गृह मंत्री सदन में आकर बोलें। वहीं जब रिजिजू से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सभापति ने निर्देश नहीं दिया है, बल्कि यह कहा है कि विपक्ष ऐसा चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सुबह से शाम तक संसद में ही रहते हैं, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। सदन में तो वही मंत्री उपस्थित रहेगा, जिसके विधेयक पर चर्चा होनी है। गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच बात तो हो रही है, लेकिन तना तनी भी बरकरार है।

# सूरज की ताकत से ऊर्जा के नए शिखर पर मध्य प्रदेश



- नवकरणीय ऊर्जा में देश का अग्रणी राज्य बन रहा प्रदेश : डॉ. यादव
- 438 मेगावाट से बढ़कर 11 हजार मेगावाट हुई क्षमता
- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया हरित ऊर्जा मॉडल

**भोपाल/ नई दिल्ली, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश वर्ष 2030 तक देश की 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण और हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2026 में मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया। सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्होंने एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से शिवाजी स्टेडियम तक यात्रा कर स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का संदेश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में मध्य प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 438 मेगावाट से बढ़कर करीब 11 हजार मेगावाट हो गई है। यानी क्षमता में लगभग 25 गुना वृद्धि हुई है। पिछले दो वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास से जुड़ी नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को गति दी गई है। उन्होंने कहा कि 750 मेगावाट रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना ने देश में पहली बार सौर ऊर्जा का टैरिफ कोयला आधारित बिजली से भी कम करने का उदाहरण पेश किया। परियोजना को वर्ल्ड बैंक ग्रुप प्रेसिडेंट्स अवार्ड फॉर एक्सीलेंस मिला है। वहीं 1500 मेगावाट आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ हासिल हुआ है।

डॉ. यादव ने बताया कि 278 मेगावाट क्षमता की देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना का लोकार्पण 25 दिसंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' के तहत करीब 14,900 मेगावाट क्षमता के प्रस्ताव मिले हैं।

ऊर्जा सुरक्षा के लिए मुरैना में 440 मेगावाट सौर ऊर्जा और 880 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना विकसित की जा रही है। चार, छह और 24 घंटे की सौर-सह-ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं पर भी काम जारी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में करीब 1.5 लाख घरों में 566 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

### हरित ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र के काम की दुनिया में चर्चा : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सौर और पवन ऊर्जा के उत्पादन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। राज्य में चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम जारी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल की चर्चा अब विश्व स्तर पर हो रही है।

नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में शामिल होने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश भारतीय रेलवे सहित आठ राज्यों को हरित ऊर्जा की आपूर्ति कर रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास से जुड़ी नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को गति दी है। आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ प्राप्त हुआ है।

छात्र आंदोलनों पर बोले मोहन भागवत

# जेन-जी हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार

- आरएसएस प्रमुख ने कहा वे देशविरोधी नहीं, उनकी शिकायतें वास्तविक
- विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का माध्यम



**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हालिया छात्र आंदोलनों और जेन जी को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि जेन जी विरोध-प्रदर्शन कर रही है तो उन्हें 'देशविरोधी' नहीं कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश की अपनी नई पीढ़ी है और उनके मुद्दों को संवाद के जरिए समझकर समाधान निकालने की जरूरत है। एक छात्र संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा, 'अगर जेन जी प्रदर्शन कर रही है तो इसका मतलब यह नहीं कि वे एंटी-नेशनल हैं। वे हमारे अपने लोग हैं, हमारी अगली पीढ़ी हैं। मेरा मानना है कि जेन जी और जेन अल्फा मौजूदा पीढ़ी की तुलना में अधिक ईमानदार हैं। उनके साथ देशभक्ति और सेवा की ईमानदार अपील प्रभावी होती है।'

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का एक माध्यम है। विभिन्न विचारों के बीच संवाद से ही व्यापक सहमति बनती है। यदि किसी कारण से लोगों की बात नहीं सुनी जाती, तब आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है, लेकिन उसका उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। भागवत ने कहा कि हाल की घटनाओं में छात्रों की शिकायतें वास्तविक हैं और भारत की शिक्षा व्यवस्था में अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए इन मुद्दों पर गंभीर संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब हम उनकी उम्र के थे, तब बड़ों की हर बात बिना सवाल किए मान लेते थे।

### सभी के लिए शिक्षा सुलभ होनी चाहिए

शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए और उसकी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा हमारे बच्चों और अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए है, पैसा कमाने का माध्यम नहीं।' उन्होंने शिक्षकों के लगभग 10 लाख रिक्त पदों का उल्लेख करते हुए शिक्षा पर सकल बजट का 6 प्रतिशत खर्च किए जाने की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन किया।

### सीजेपी सितंबर से देशभर में चलाएगी 'बोलती पब्लिक' अभियान



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने जंतर-मंतर आंदोलन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को युवाओं की बड़ी जीत बताते हुए पार्टी के आगामी एजेंडे का ऐलान किया। दिपके ने गुरुवार को कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार यह संदेश देती रही कि सत्ता में बैठे लोगों से कोई सवाल नहीं पूछ सकता। लेकिन युवाओं के आंदोलन ने इस धारणा को बदल दिया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सिर्फ एक व्यक्ति का इस्तीफा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता और जनता के भीतर से डर खत्म होने का प्रतीक है।

कॉकरोच जनता पार्टी की विचारधारा पर बोलते हुए दिपके ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय संविधान के मूल्यों पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए काम करेगी। दिपके ने बताया कि पार्टी की दो दिवसीय कोर कमेटी की बैठक में सितंबर से देशभर में 'बोलती पब्लिक' नाम से राष्ट्रीय अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

# विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की कोई योजना नहीं : नायडू

- मीडिया पर आई खबरों को गलत बताया
- केजरीवाल ने भी सवाल उठाए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना के दावों को गलत बताया और कहा कि इससे हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है। श्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि सरकार द्वारा विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना होने का दावा 'पूरी तरह से झूठा और गैर-जिम्मेदाराना' है। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी योजना का प्रस्ताव नहीं है। उल्लेखनीय है कि मीडिया में इस तरह की खबरें आयी थीं कि सरकार ने विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की अनुमति दे दी है।

इसके बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पर कहा कि इससे विमान का इंजन कभी भी बंद हो सकता है और यात्रियों की जान का खतरा हो सकता है। श्री नायडू ने स्पष्ट किया कि हरित विमान ईंधन एथेनॉल से अलग है। उन्होंने लिखा, 'एथेनॉल और हरित विमान ईंधन पूरी तरह अलग-अलग ईंधन हैं और इन्हें एक-दूसरे के समान नहीं माना जाना चाहिए। हरित विमान ईंधन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त है और दुनिया भर में अपनाया गया है। यह कठोर परीक्षणों से गुजरता है और वैश्विक सुरक्षा के सख्त मानकों पर खरा उतरता है।' नागरिक उड्डयन मंत्री ने यात्रियों की सुरक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि विमानन सुरक्षा से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने से केवल हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है।

# अमेरिका का दुनिया के 60 फीसदी तेल पर नियंत्रण : ट्रंप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का दुनिया के 60 प्रतिशत तेल पर कंट्रोल है, जिसमें वेनेजुएला के रिसोर्स को भी अमेरिकी क्षमता का हिस्सा माना गया है। लास वेगास में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए श्री ट्रंप ने कहा, 'हमारे पास दुनिया के किसी भी देश की तुलना में ज़्यादा तेल और गैस है। अब इसमें वेनेजुएला को भी जोड़ लें। इसे जोड़ने पर, वेनेजुएला सहित हमारे पास दुनिया का 60 प्रतिशत तेल और गैस है।'

अमेरिका ने 3 जनवरी को वेनेजुएला में एक बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू किया, जिसके दौरान निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क ले जाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा आतंकवाद) में शामिल होने के आरोपों के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। मादुरो और फ्लोरेस ने न्यूयॉर्क की अदालत में आरोपों से इनकार किया। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद, वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने अस्थायी रूप से राष्ट्रपति पद का कार्यभार उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज को सौंप दिया। उनके कार्यकाल के दौरान, अमेरिकी और वेनेजुएला के अधिकारियों ने एक नए द्विपक्षीय एजेंडे पर बातचीत शुरू की है, जिसमें ड्रग तस्करी से निपटने में सहयोग, वेनेजुएला के फंड की रिहाई, दक्षिण अमेरिकी देश के तेल की बिक्री, माइनिंग एक्सप्लोरेशन और राजनयिक बातचीत को फिर से शुरू करना शामिल है।

निचली अदालत ने सही से नहीं की जांच, उच्च न्यायालय बना रहा मूकदर्शक

# 22 साल जेल में रहा बेगुनाह, सर्वोच्च अदालत ने निचली अदालतों को फटकारा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** न्यायिक संस्थाओं की कमजोरी कभी-कभी किसी जिन्दगी के साथ ऐसा खिलवाड़ कर देती है कि जब बेकसूर आदमी भी उम्रकैद जैसी सजा काटने के लिए मजबूर हो जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐसे शख्स को बरी किया है, जिसे अपनी जिंदगी के 22 साल जेल में गुजारने पड़े।

यह सब उसे ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट की वजह से भुगतना पड़ा। क्योंकि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही से जांच नहीं की और दोषी ठहराए जाने के बाद हाई कोर्ट ने उसकी अपील पर सुनवाई नहीं की, यानी उच्च न्यायालय मौन बना रहा। जिसके बाद उसने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई। यह एक ऐसा विशिष्ट मामला है जहां एक गरीब वादी का न्याय के लिए संघर्ष न्यायपालिका के ही हाथों विफल हो गया, जब अदालत ने तकनीकी आधार पर सुनवाई से इनकार कर दिया। गरीब दोषी पहले ही 12 साल जेल में बिता चुका था, जब उसने उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने अपील दायर करने में देरी के तकनीकी आधार पर उसकी सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के इनकार करने के बाद उसे 10 साल और जेल में गुजारना पड़ा।

सर्वोच्च न्यायालय ने क्या कहा- जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने तमाम बिंदुओं पर ध्यान देते हुए उसे बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट को यह स्वीकार करना पड़ा कि- न्याय तक पहुंच अभी भी हमारे समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों और विशेष रूप से उनमें से दोषी ठहराए गए और जेल में बंद लोगों से दूर है । जस्टिस जेबी परदीवाला और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा, 'हम उस आदेश से बेहद निराश और चिंतित हैं, जिसमें 3,157 दिनों की देरी की माफी मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया और परिणामस्वरूप धारा 302 के तहत दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ 'जेल अपील ज्ञापन' को भी खारिज कर दिया गया, जिसमें दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जबकि विवादित आदेश के समय वह 12 साल और अब 10 साल की अतिरिक्त अवधि, कुल मिलाकर 22 साल जेल में बिता चुका था। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट को इस बात पर भी विचार करना चाहिए था कि यह जेल के माध्यम से अपील थी और न्यायालय को इस मामले का व्यावहारिक दृष्टिकोण, या बल्कि सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था और कम से कम याचिकाकर्ता को अपनी आपराधिक अपील पर गुण-दोष के आधार पर बहस करने का एक अवसर देने के लिए देरी को माफ कर देना चाहिए था। सबूतों की जांच करने पर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी के अविश्वसनीय और संदिग्ध बयान के आधार पर दोष सिद्ध करने योग्य नहीं था। जिसके बाद अदालत ने उसे तिहरे हत्याकांड के मामले में बरी कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उससे थर्ड डिग्री (यातना) देकर इकबालिया बयान लिया गया, जिसे कानून में सबूत के तौर पर स्वीकार भी नहीं किया जा सकता था। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही तरीके से जांच नहीं की और हाई कोर्ट भी मूकदर्शक बना रहा। जिसके चलते बिना किसी मजबूत सबूत के उस व्यक्ति की जिंदगी के 22 साल बर्बाद हो गए।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### ए-एचएमआईएस पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल का दिया प्रशिक्षण



**बैतूल, देशबन्धु।** संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में गुरुवार को ए-एचएमआईएस पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूलों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. मनोज कुमार सूर्यवंशी एवं डॉ. सुशील कुमार सोनी ने जिले के सभी आयुष चिकित्सा अधिकारियों, तथा पैरामेडिकल स्टाफ को ए-एचएमआईएस पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूलों के संचालन एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य पोर्टल के प्रभावी उपयोग के माध्यम से आयुष सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित और सुदृढ़ बनाना रहा।

### मुलताई से आज निकलेगी मां ताप्ती सर्वमंगल कावड़ यात्रा

**बैतूल, देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रति वर्ष आयोजित होने वाली मां ताप्ती सर्वमंगल कावड़ यात्रा का आयोजन इस वर्ष चौथे वर्ष भी किया जा रहा है। यह कावड़ यात्रा 7 अगस्त से 10 अगस्त 2026 तक मां ताप्ती उद्गम स्थल, मुलताई से प्रारंभ होकर शिवधाम सालबर्डी तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ पदयात्रा करेंगे तथा विभिन्न स्थानों पर रात्रि विश्राम करेंगे। यात्रा के कार्यक्रम के अनुसार 7 अगस्त को कावड़ यात्रा मुलताई से रवाना होकर आष्टा पहुंचेगी, जहां भवानी मंदिर में रात्रि विश्राम होगा। 8 अगस्त को यात्रा आष्टा से गेहूंबारसा पहुंचेगी और वहीं रात्रि विश्राम किया जाएगा। 9 अगस्त को कावड़ यात्रा गेहूंबारसा से सालबर्डी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 10 अगस्त को शिवधाम सालबर्डी स्थित गुफा में प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, अभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन किया जाएगा।

### 11 अगस्त को निकलेगी स्थापना दिवस की सांस्कृतिक महारैली

**बैतूल, देशबन्धु।** सरदार विष्णुसिंह गोंड प्रतिमा स्थापना दिवस पर 11 अगस्त को जयस सरकार के तत्वाधान में जिला मुख्यालय बैतूल में भव्य सांस्कृतिक महारैली निकाली जाएगी। जयस जिला अध्यक्ष संदीप धुर्वे ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम हर्षोल्लास और पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के साथ आयोजित होगा। रैली दोपहर 12 बजे पड़ापेन ठाना, रैन बसेरा सदर में भूमका टीम द्वारा प्रकृति पूजा और सुमरनी के बाद शुरू होगी। यह गुरुद्वारा रोड, मैकेनिक चौक, कांतीशिवा चौक, दिलबहार चौक, तांगा स्टैंड, बाबू चौक, सिविल लाइन, कॉलेज चौक, गणेश चौक, लल्ली चौक, कोठीबाजार, बस स्टैंड, मुल्ला पेट्रोल पंप, अंबेडकर चौक और पुलिस लाइन तिराहा होते हुए ओपन ऑडिटोरियम पहुंचेगी।

### मूंग उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग के केवल दो कार्यदिवस शेष

**हरदा, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि अब निकट है। विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन हेतु किसान 10 अगस्त 2026 तक स्लॉट बुक करा सकते हैं। जिन किसानों ने अभी तक अपनी उपज के लिए स्लॉट बुक नहीं कराया है, वे निर्धारित तिथि से पहले स्लॉट बुकिंग कराकर 20 अगस्त 2026 तक अपनी उपज का विक्रय कर सकते हैं। उप संचालक कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन किसानों के स्लॉट किसी कारणवश समाप्त हो चुके हैं, उनके लिए स्लॉट अवधि बढ़ाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए उप संचालक कृषि के लॉगिन पर विशेष विकल्प उपलब्ध कराया गया है। ऐसे किसान कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला हरदा (अपना सुपर बाजार के सामने, खंडवा बाईपास रोड, हरदा) में आवेदन प्रस्तुत कर अपने स्लॉट की अवधि बढ़वा सकते हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यालय 8 अगस्त (शनिवार) एवं 9 अगस्त (रविवार) को शासकीय अवकाश होने के बावजूद खुला रहेगा, ताकि अधिक से अधिक किसान स्लॉट बुकिंग एवं स्लॉट अवधि विस्तार की सुविधा का लाभ उठा सकें।

### 7 अगस्त से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

**हरदा , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' हरदा जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ होगा। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों तक शासन-प्रशासन की पहुंच को और अधिक सशक्त बनाना, क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से समस्याओं का मौके पर निराकरण करना, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत आदेश जारी करते हुए 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का कैलेंडर निर्धारित किया है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार जिले के नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण करेंगे। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।

# पुलिया हटाने से आवागमन बुरी तरह से हो रहा प्रभावित, कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### दिया सुझावः उमरधा रोड पर पानी की टंकी के पास मार्ग बहाल किया जा सकता है ...



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** नगर परिषद बनखेड़ी के वार्ड क्रमांक 1 स्थित उमरधा रोड पर पानी की टंकी के समीप पुलिया हटाए जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसीलदार अंजू लोधी को ज्ञापन सौंपकर मार्ग को पुनः सुचारु कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि एक व्यक्ति द्वारा निजी स्वार्थ के चलते पुलिया हटा दी गई, जिससे रास्ता बाधित हो गया है। इसके कारण वार्डवासियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि समस्या का शीघ्र समाधान करते हुए पुलिया का पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आम लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप साहू, पंकज प्रजापति, धीरेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क पर घूम रही गायों को गोशाला भेजा

# गायों को सड़क पर छोड़ने पर 3 पशु पालकों पर लगा ढाई हजार का जुर्माना



**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** मालाखेडी रोड पर गुरूवार को नपा के हाका दल द्वारा आवारा पशुओं का सर्चिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सडक पर घूम रही करीब 25 गायों को पकडकर केंद्रीय जेल स्थित गोशाला भेजा गया। साथ ही सडक पर पशुओं को आवारा छोड़ने पर पशु मालिकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में सड़क पर घूम रहे पशुओं को नगर सीमा से बाहर किया जा रहा है। विगत दिवस मालाखेड़ी रोड से सड़क पर घूम रही करीब 25 गायों को गोशाला में शिफ्ट किया गया। साथ ही मालाखेड़ी स्थित गुलाबदास की तीन गायों को सड़क पर छोड़ने पर 1500/- रुपए जुर्माना, मुन्नु तिवारी की एक गाय, राहुल दुबे की एक गाय पर 500/- 500/- का जुर्माना किया गया। इस दौरान पशु पालकों को समझाइश जा रही है कि अपने पशुओं को घर पर बांधकर रखें। यहां वहां छोड़ने पर सड़क पर बैठते हैं ।

#### आवारा श्वानों को नगर सीमा से बाहर किया

नपा की डाग केचर टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सिंधी कालोनी ग्वालटोली से 9 आवारा श्वानों को पकडकर नगर सीमा से बाहर किया गया। पर्यवेक्षक संजय लुटारे ने बताया कि ग्वालटोली वार्ड क्रमांक 29 से पकडे गए सभी 9 श्वानों को सुरक्षित रूप से नगर सीमा से बाहर किया गया है। इस पर स्थानीय वार्डवासियों ने नपा की त्वरित कार्रवाई पर आभार जताया है।

# नर्मदापुरम में भारत वेटलिफ्टिंग समिति का गठन, दी जिम्मेदारी

### पूजा मालवीय अध्यक्ष और आलोक राजपूत बने सचिव



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में वेटलिफ्टिंग खेल को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को संगठित मंच उपलब्ध कराने तथा युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत वेटलिफ्टिंग समिति, जिला नर्मदापुरम का गठन किया गया। सर्वसम्मति से समिति की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। समिति में श्रीमती पूजा मालवीय को अध्यक्ष, आलोक राजपूत को सचिव तथा महेंद्र पचलानिया, राहुल वर्मा, मोहित यादव, मनीष ठाकुर एवं अतुल शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इसी प्रकार डॉ. तरुण यादव, शिवम अशरोज, जितेंद्र प्रताप सिंह राजपूत एवं रोहन रोलिसन को सह सचिव, सिद्धार्थ चौहान, नीरज यादव एवं इशांक मालवीय को संयुक्त सचिव, विजयेश यादव को कोषाध्यक्ष तथा अभिजीत सिंह को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के सदस्य के रूप में अंकुल मालवीय, रिया मेहरा, अभिषेक सिसोदिया, अतुल सनस, सोहन सिंह, जय सिंह, शिवम दुबे, ज्योति सेन एवं अनुराधा सेन को शामिल किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य जिले में वेटलिफ्टिंग खेल का विकास करना, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, नियमित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना रहेगा। समिति के गठन पर खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### बनखेड़ी तहसील में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी

# नियमित सुनवाई से लंबित मामलों में आई कमी, ग्रामीणों को मिल रही राहत



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन में तहसील कार्यालय बनखेड़ी में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की पहल लगातार जारी है। तहसीलदार अंजू लोधी द्वारा प्रत्येक शासकीय कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियमित रूप से राजस्व न्यायालय की सुनवाई की जा रही है। तहसीलदार श्रीमती लोधी ने बताया कि सुनवाई के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन सहित भूमि संबंधी अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इससे आवेदकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और उन्हें समय पर न्यायालयीन आदेश प्राप्त हो रहे हैं। शासन की मंशा के अनुरूप चल रही इस व्यवस्था से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिली है। नियमित सुनवाई के चलते राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की संख्या में कमी आई है और मामलों के निराकरण की प्रक्रिया में तेजी देखने को मिल रही है।

### नगर कांग्रेस कमेटी बनखेड़ी की 21सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** नगर कांग्रेस कमेटी बनखेड़ी की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने वरिष्ठ नेताओं की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जारी सूची के अनुसार मनोज पलिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रचना व्यास, रेवती बाई ठाकुर और मनीषा कुशवाहा को दी गई है। महासचिव पद पर प्रदीप पटेल, हनुमत रघुवंशी, आशिफ खान, देवेंद्र तिवारी, महेश बैरागी और मुकेश काकोड़िया को नियुक्त किया गया है। इसी तरह सचिव पद पर पतिराम अहिरवार, राकेश अहिरवार, आकाश कुशवाहा, अभिषेक अमोले, संदीप मेहरा, शेरसिंह राय, मंजीत खान और धर्मेंद्र सूर्यवंशी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं एडिसन मशीह को मीडिया प्रभारी और निशेष गढ़वाल को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा कि सभी पदाधिकारियों का चयन वरिष्ठ नेताओं की सहमति से किया गया है।

# शिक्षा घर योजना को पायलट आधार पर हुई शुरू



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल और स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त कोशिशों से ज़िले में %शिक्षा घर% योजना को पायलट आधार पर आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में एमपीएसओएस श्रीराम वैध सहायक संचालक द्वारा योजना की जानकारी दी गई दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सक्रिय तौर पर भाग लिया इस पहल के तहत, ज़िले के सभी क्लस्टर प्रिंसिपलों को ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बुलाया गया, जहाँ उन्हें %शिक्षा घर% एप्लीकेशन के काम करने के तरीके और स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान करने और उन्हें रजिस्टर करने की स्टैंडर्ड प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह पहल शिक्षा की पहुँच को मज़बूत करने और हर योग्य बच्चे का औपचारिक शिक्षा प्रणाली में व्यवस्थित रूप से नामांकन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम में राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड संचालक राम वैद्य, जिला शिक्षा अधिकारी एल एन प्रजापति, राजेश गुप्ता एडीपीसी, राजेश जायसवाल डीपीसी संदीप शुक्ला प्राचार्य आशुतोष भार्गव एवं जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, विख स्रोत समन्वयक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान आज से होगा प्रारंभ



### जिले का प्रथम शिविर ग्राम ग्वाड़ी (विख सिवनी मालवा) में आयोजित होगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिए बुधवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा, शिविरों के आयोजन, गतिविधियों एवं निरीक्षण संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान आज 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। जिले में अभियान का प्रथम शिविर विकासखंड सिवनी मालवा के ग्राम ग्वाड़ी में आयोजित होगा। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रत्येक शुक्रवार को शिविर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सांसदों, विधायकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को जिले के सातों विकासखंडों में आयोजित होने वाले शिविरों का रोस्टर, शिविरों के दौरान संचालित की जाने वाली गतिविधियों तथा निरीक्षण संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान शासकीय परिसंपत्तियों एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपयोग की भी समीक्षा और निरीक्षण किया जाएगा, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड में तीन क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें ग्रामीण क्लस्टर के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों के साथ संबंधित अन्य ग्राम पंचायतों तथा शहरी क्लस्टर के अंतर्गत संबंधित नगरीय निकाय के सभी वार्डों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले में एक जिला स्तरीय शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, जनप्रतिनिधि श्रीमती प्रीति शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष द्वारा की गई जनसुनवाई

# गोपालकुंज रसूलिया में बनेगी नाली और सड़क



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगरपालिका में प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई आम नागरिकों को त्वरित लाभ मिल रहा है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई करते हुए 15 से अधिक आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। गोपालकुंज रसूलिया वार्ड 23 की महिलाओं ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि हमारे वार्ड में नाली और स?क निर्माण की आवश्यकता है। हमारे वार्ड की पेयजल की जांच की जाए। नपाध्यक्ष द्वारा आवेदन पर सुनवाई करते हुए तत्काल उपयंत्री को निर्देश दिए । उन्होंने आवेदक महिलाओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही आपकी कालोनी में स?क और नाली का निर्माण होगा। पेयजल की जांच करने महिलाओं के लिए साथ ही जलप्रदाय शाखा की टीम को भेजकर उनकी समस्या का समाधान कराया जा रहा है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देश पर नपा में जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई में करीब 15 से अधिक आवेदन आए जिसमें पेंशन प्रकरण के आवेदन, पीएम आवास के आवेदन, राशन कार्ड समर्पण के थे। जिनका संतुष्टिपूर्ण समाधान किया गया। जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी, पीएम आवास शाखा के दीपक गौर आदि उपस्थित थे।

# नन्हीं आंखों की सुरक्षा की दिशा में सार्थक पहल, द चैम्प्स फन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए द चैम्प्स फन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की आँखों से संबंधित समस्याओं की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करना तथा उन्हें समय पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराना था। यह स्वास्थ्य शिविर सेवासदन आई हॉस्पिटल, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में भोपाल से आई डॉ. सुनीता कहार एवं डॉ. शुभम सराठे ने नेत्र जांच हेतु आवश्यक विशेषज्ञों की टीम के साथ विद्यार्थियों की आँखों का परीक्षण किया। जाँच के दौरान दृष्टि क्षमता, आँखों के सामान्य स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। जिन विद्यार्थियों को आगे विस्तृत जाँच या चिकित्सकीय सलाह की आवश्यकता थी, उनके लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान द चैम्प्स फन स्कूल के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी, स्कूल कोऑर्डिनेटर श्रीमती रीना मालवीय, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्रीमती स्नेहा शर्मा, एडमिन ऑफिसर श्रीमती विनीता जैसलानी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर में विद्यार्थियों के साथ कर्मचारियों की भी नेत्र जांच की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ उत्तम स्वास्थ्य होना भी समान रूप से आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बच्चों की छोटी समस्याओं को समय रहते पहचानने में सहायक होते हैं, जिससे उनको समय पर मार्गदर्शन मिलने से भविष्य की समस्या का आसानी से समाधान हो जाता है। इससे उनका आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं सीखने की क्षमता बेहतर बनी रहती है।



शिविर के दौरान चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को आँखों की स्वच्छता बनाए रखने, पौष्टिक भोजन ग्रहण करने, पर्याप्त रोशनी में अध्ययन करने, लंबे समय तक मोबाइल एवं अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने से बचने तथा समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने के महत्व के बारे में सरल एवं उपयोगी जानकारी दी। डायरेक्टर चटर्जी ने कहा कि द चैम्प्स फन स्कूल शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार ने पूरी चिकित्सकीय टीम, विशेष रूप से डॉ. सुनीता कहार एवं डॉ. शुभम सराठे के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कार्य किया जाता रहेगा।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### मप्र के कृषिव ने 42वीं सब जूनियर एक्वेटिक चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के तैराक कृषिव दोशी ने 42वीं सब जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उक्त जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश तैराकी संघ के सचिव जय कुमार वर्मा ने बताया कि कृषिव ने 2 मिनट 14.48 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में केरल के ए.पी. आर्य सथार 2 मिनट 15.49 सेकंड के साथ रजत पदक पर रहे, जबकि विहान पेडनेकर ने 2 मिनट 19.43 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता।

मध्य प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने कृषिव की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कृषिव की मेहनत और समर्पण से प्रदेश के अन्य युवा तैराकों को भी प्रेरणा मिलेगी। एसोसिएशन भविष्य में भी ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग देगी। कृषिव की इस जीत से मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर रोशन हुआ है, मध्य प्रदेश तैराकी संघ के समस्त पदाधिकारीयों ने कृषिव की इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई प्रेषित की है।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध पुलिस द्वारा 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने चारूवा के जादूपुरा मोहल्ला, ग्राम हरिपुरा, टेमलावाडी व जयमलपुरा में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 36 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 48200 रूपये है।

### प्रभारी मंत्री आज हरदा जिले के दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**हरदा , देशबन्धु।** जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार, 7 अगस्त 2026 को हरदा जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रात: 7 बजे भोपाल से प्रस्थान कर लगभग 10:30 बजे हरदा सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।

इसके बाद मंत्री श्री सारंग खिरकिया पहुंचकर मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन करेंगे तथा गोपाला उपार्जन केंद्र का निरीक्षण एवं किसानों से संवाद करेंगे।

मंत्री श्री सारंग हाई स्कूल चारूवा में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अध्ययन की गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात मंडी प्रांगण चारूवा में आयोजित मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के मुख्य कार्यक्रम में भाग लेकर प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे तथा हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र वितरित करेंगे।

दौरे के दौरान वे आंगनवाड़ी केंद्र चारूवा का निरीक्षण करेंगे, नवोदय विद्यालय चारूवा के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे एवं मध्याह्न भोजन करेंगे।

शाम 4:30 बजे हरदा में जिला कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने के बाद शाम 5 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात वे बघेल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का अवलोकन करेंगे और शाम 5.45 बजे हरदा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### विशेष प्रवर्तन अभियान में नर्मदापुरम पुलिस की लगातार सख्ती

# 3.46 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला 816 वाहनों पर की कार्रवाई, पुलिस सख्त



*__नर्मदापुरम, देशबन्धु।__ जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार प्रभावी ढंग से जारी है। पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार 1 से 10 अगस्त तक चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत निजी वाहनों पर अवैध रूप से लगाए गए हूटर, फ्लैशर, व्हीआईपी एवं शासकीय स्टिकर, पदनाम, मोनोग्राम, ब्लैक फिल्म तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की जा रही है।*

*अभियान के पांचवें दिन जिलेभर में सघन वाहन जांच के दौरान 113 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए रुपए 44,100 का समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ ही अभियान के पहले पांच दिनों में कुल 816 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए रुपए 3,46,400 का समन शुल्क वसूला जा चुका है।*

*जांच के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगाए गए फ्लैशर लाइट, ब्लैक फिल्म, व्हीआईपी एवं शासकीय स्टिकर, पदनाम तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट के मामलों पर कार्रवाई की। पांचवें दिन 2 अवैध फ्लैशर लाइट, 14 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 22 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा 3 अनधिकृत पदनाम प्रदर्शित करने वाले वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी नियमानुसार चालान किए गए।*

*यह अभियान पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संतोष मिश्रा के नेतृत्व में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में निरंतर संचालित किया जा रहा है।*

*पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निजी वाहनों से अवैध हूटर, फ्लैशर, व्हीआईपी एवं शासकीय स्टिकर, अनधिकृत पदनाम, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा ब्लैक फिल्म तत्काल हटवा लें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि 10 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।*

# पटवारियों की मांगें जायज, सरकार शीघ्र करे निराकरण: विधायक

### धरना स्थल पहुंचकर दिया समर्थन, मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव को पत्र लिखने का किया ऐलान




**हरदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को क्षेत्र के विधायक आर.के. दोगने धरना स्थल पहुंचे और हड़ताली पटवारियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को पूरी तरह न्यायोचित बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पटवारी वर्षों से शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है।

धरना स्थल पर पटवारियों को संबोधित करते हुए विधायक दोगने ने कहा कि प्रदेश में कई पटवारी पिछले 25 वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं, लेकिन आज तक उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बड़ी विफलता है कि अपने ही बनाए नियमों के अनुसार कर्मचारियों को लाभ नहीं दे पा रही है। समय पर पदोन्नति नहीं मिलने से कर्मचारियों का मनोबल और कार्यक्षमता दोनों प्रभावित होते हैं।

उन्होंने कहा कि पटवारी मध्यप्रदेश शासन का ऐसा कर्मचारी है जो गांव-गांव तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने और उन्हें मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राजस्व कार्यों के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पटवारियों की अहम जिम्मेदारी रहती है। इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति, कैडर रिव्यू तथा पद के अनुरूप समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

विधायक श्री दोगने ने भरोसा दिलाया कि वे मुख्यमंत्री एवं राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर पटवारियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी पिछले चार दिनों से कलमबंद हड़ताल पर हैं। संघ की प्रमुख मांगों में पदोन्नति, कैडर रिव्यू तथा पद के अनुरूप समयमान वेतनमान लागू करना शामिल है। संघ का कहना है कि पिछले छह से सात वर्षों से सरकार लगातार आश्वासन देती आ रही है, लेकिन अब तक न तो कैडर रिव्यू किया गया और न ही पदोन्नति के आदेश जारी हुए हैं। इससे प्रदेशभर के पटवारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

पटवारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन का कहना है कि वर्तमान में प्रदेश के लगभग सभी विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिल रहा है, जबकि पटवारी वर्ग इससे अब भी वंचित है। यही कारण है कि उन्हें अपने अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल का असर अब आमजन और किसानों पर भी दिखाई देने लगा है। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फसल संबंधी दस्तावेज, राजस्व अभिलेखों में संशोधन सहित अनेक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों और ग्रामीणों को अपने जरूरी कार्यों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसके बावजूद अभी तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है।

पटवारी संघ ने सरकार से मांग की है कि शीघ्र कैडर रिव्यू, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान संबंधी आदेश जारी किए जाएं, ताकि पटवारी काम पर लौट सकें और आम जनता को राहत मिल सके।

# 2018 से था फरार, भोपाल में धराया पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज दिया जेल



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अति. पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोहागपुर के निर्देशन में थाना माखन नगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना माखननगर में दर्ज अपराध में वर्ष 2018 से फरार आरोपी विनय गुर्जर पिता पुरूषोत्तम गुर्जर उम्र 40 साल नि. पाटनी थाना माखननगर हाल भीम नगर झुग्गी झोपडी भोपाल को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है । आरोपी काफी दिन से फरार था जिस पर न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 में स्थायी वारंट जारी किया गया था । आरोपी की तलाश हेतु प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी माखन नगर द्वारा एक टीम गठित कर भोपाल भेजी गयी जो आरोपी के मिलने पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ पर उसने अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया जहॉ से आरोपी का जेल वारंट बनने पर जेल भेजा गया है । उक्त आरोपी को पकडने पर में थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर व उनकी टीम सहायक उप निरीक्षक गोपाल पाल , प्रआर अजय रघुवंशी, की अहम भूमिका रही ।

# पुलिस के जन सुरक्षा - युवा सृजन संवाद में दी गई समझाइश



**हरदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त नवाचार जन सुरक्षा - युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ आज 06 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में किया गया । इस कार्यक्रम के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा को चयनित किया गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक हरदा शशांक ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शशाकं ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि युवा सृजन संवाद का उद्धेश विद्यार्थियों को कानून, संविधान, सायबर सुरक्षा, महिला एवं बाल संरक्षण, नशे के दुष्परिणाम तथा यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना है तथा नियमों/कानून का स्वयं व आसपास वालों से भी पालन करवाना करना है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने कानून की जानकारी, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम, सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया । इस प्रकार के नवाचार छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे । मास्टर ट्रेनर, सुश्री सोनाली परकोचे उच्च. माध्य. शिक्षक शास. उत्कृष्ट स्कूल हरदा द्वारा मेरे अधिकार व जिम्मेदारियां, उनि. नूर मोहम्मद पठान रक्षित केंद्र हरदा द्वारा कानून सुरक्षा और न्याय, उनि. महेश जाट थाना हंडिया जिला हरदा द्वारा पुलिस कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से बताया गया एवं सुश्री अरुणा सिंह उपुअ म.सु.शा. हरदा द्वारा पुनरावलोकन एवं मुख्य सीख के बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुये कार्यक्रम का समापन किया ।

कार्यक्रम समापन पश्चात 25 एवं 20 के दो समूहो में छात्र/छात्राओं को थाना कोतवाली हरदा का भ्रमण कराया गया । थाना प्रभारी निरी. रोशनलाल भारती व प्रधान आरक्षक लेखक कुलदीप भदौरिया द्वारा पुलिस थाने की व्यवहारिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया ।

इस क्रम में छात्र/छात्राओ को कंट्रोल रूम हरदा ले जाकर डायल-112 की वाहन के समक्ष कार्यप्रणाली से रेडियो निरी. सत्यनारायण मेहरा, उनि. रेडियो नारायण अग्निहोत्री द्वारा अवगत कराया। छात्र/छात्राओं द्वारा डायल 100 का नाम डायल 112 क्यों रखा गया इस संबंध में प्रश्न करने पर राष्ट्रीय स्तर का डायल नंबर में परिवर्तित होने तथा पूरे देश में एक ही नंबर होने की विस्तृत जानकारी दी गई ।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक श्रीमति रजनी गुर्जर, सूबेदार उमेश ठाकुर थाना प्रभारी यातायात हरदा द्वारा यातायात नियमो का पालन करने की अपील की गई तथा ट्रेफिक मोबाईल इंटरसेप्टर वाहन की उपयोगिता बतायी गई ।

# सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का सात दिवसीय प्रशिक्षण, दायित्वों को प्रभावी ढंग से बताया



**हरदा , देशबन्धु।** जिले में होमगार्ड विभाग द्वारा 31 जुलाई से 06 अगस्त तक सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का सात दिवसीय प्रशिक्षण संचालित किया गया है। इस दौरान सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को होमगार्ड अधिनियम 1968 की मूलभूत जानकारी, सिविल डिफेंस का परिचय, सिविल डिफेंस नियम 2009 , सिविल डिफेंस की 12 सेवाओं के बारे में, आपदा के प्रकार भूकंप, आग, बा?, ध्वस्त संरचना, हवाई हमला, औद्योगिक दुर्घटना, सीबीआरएन, प्राथमिक उपचार, घायलों को लाने ले की विभिन्न विधियों, पट्टियों के प्रकार, खपच्ची बांधना, सीपीआर, विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में गुरूवार को डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन ओआईसी राहत के आतिथ्य में तथा प्लाटून कमांडर श्रीमती रक्षा राजपूत के नेतृत्व में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डिप्टी कलेक्टर श्री चिरामन ने सिविल डिफेंस वालेंटियर आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों तथा नागरिक सुरक्षा से संबंधित दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सके के बारे मे संक्षिप्त संदेश दिया गया। इस दौरान सभी सिविल डिफेंस वालेंटियर्स से 7 दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में एचएसएम दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर, वाहन चालक भारमल यादव व होमगार्ड जवान एवं एसडीईआरएफ के जवान , पत्रकार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुगण उपस्थित रहे।

### पचमढ़ी नागद्वारी मेला 2026: 8 से 17 अगस्त तक स्वास्थ्य अमले की लगाई गई ड्यूटी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पचमढ़ी में नागद्वारी मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला 07 अगस्त 2026 से 17 अगस्त 2026 तक चलेगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए 08 अगस्त से 17 अगस्त तक चिकित्सा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंह गहलोत द्वारा मेले अवधि में विभिन्न सेक्टर पाइंटों पर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं एंबुलेंस वाहन चालकों की ड्यूटी 08 अगस्त 2026 से 17 अगस्त 2026 तक तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी पिपरिया डॉ. राजकुमार देजवार को नागद्वारी मेला पचमढ़ी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेले की संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी पचमढ़ी की रहेगी। मेले में समस्त जीवन रक्षक औषधियां, एंबुलेंस एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने का पूर्ण दायित्व नोडल अधिकारी का होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी की इमरजेंसी ड्यूटी का रोस्टर बनाने की जिम्मेदारी डॉ. दिलीप कुमार शर्मा को सौंपी गई है।

# हरदा डिग्री कॉलेज में नेत्र परीक्षण शिविर लगा



**हरदा , देशबन्धु।** स्वर्गीय बसंत कुमार सिंहल की स्मृति में हरदा डिग्री कॉलेज और हरदा स्कूल आफ़ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल की हरदा ब्रांच की टीम द्वारा महाविद्यालय एवं स्कूल के लगभग 300 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें कई छात्रों एवं छात्राओं को परीक्षण अनुसार चस्मा बनाने की सलाह दी गई। आखों के बचाव के उपाय और मोबाइल का उपयोग कम करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. गिरीश सिंहल ने बताया कि हर साल पूज्यनीय पिताजी स्वर्गीय बसंत कुमार सिंहल की स्मृति मे ये आयोजन हो रहा है। और समय समय पर जरूरत मंद लोगों को नि:शुल्क आखों के ऑपरेशन के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल भेजा जाता रहा है और आखों के इलाज एवं जाच के लिये आई विज़न सेंटर विगत 10 वर्षों से एल आई जी कॉलोनी हरदा मे संचालित है ।अवसर पर सेवा सदन चिकित्सालय से नेत्र विशेषज्ञ टीम मे डॉ ओमनाथ पांडे ( ऑप्टोमेट्रिस) , डॉ विवेक मालवीय (ऑप्टोमेट्रिस) , जितेंद्र जाधव ( फीडर) एवं प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सिंहल, उप प्राचार्य गणेश श्रीवास्तव, रा से यो छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह परिहार एवं छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोरमा चौहान सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक देवेन्द्र ढाका , आभास व्यास, तनिष्कसिंह,ऋषभ,सक्षम,प्रथम,विनय, संदीप, सुरेन्द्र ,युवराज,सचिन,सौरव आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर ने बैठक कर समस्याओं के समाधान एवं उपार्जन प्रक्रिया की समीक्षा की



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के रेवा सभाकक्ष में विगत दिवस कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं किसान संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए किसानों की समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी वेयरहाउसों में बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उपार्जन कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मूंग खरीदी केंद्रों पर प्रतिदिन प्रात: 10:00 बजे से तुलाई कार्य अनिवार्य रूप से प्रारंभ किया जाए तथा संबंधित कर्मचारी एवं हम्माल सुबह 9:30 बजे तक केंद्रों पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। तुलाई प्रारंभ होने के वीडियो प्रतिदिन उपलब्ध कराए जाएं तथा आवश्यकतानुसार किसानों से सीधे दूरभाष पर भी संवाद स्थापित किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन किसानों की 25 प्रतिशत मूंग की खरीदी हो चुकी है, उन्हें यथासंभव उसी वेयरहाउस में शेष उपज बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने उपार्जन कार्य में तेजी लाने के लिए जिले में वेयरहाउस एवं मूंग खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग की अवधि समाप्त हो गई है, वे कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करेंगे, जिसके बाद उनकी स्लॉट अवधि बढ़ाने की कार्रवाई की जाएगी ।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन किसानों की मूंग खरीदी पूरी हो चुकी है, उनके बिल तत्काल तैयार किए जाएं तथा भुगतान की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न किया जाए। साथ ही शेष 35 प्रतिशत मूंग उपार्जन के लिए भी शीघ्र स्लॉट जारी किए जाएंगे, जिससे किसानों को अपनी शेष उपज बेचने में सुविधा मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन वेयरहाउसों के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनकी जांच संबंधित अनुविभागीय अधिकारी तत्काल करें।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि बायोमेट्रिक सत्यापन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था विकसित की जाएगी, ताकि किसी भी पात्र किसान को उपार्जन प्रक्रिया में कठिनाई का सामना न करना पड़े। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने भी उपार्जन व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं पारदर्शी बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

### प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त भी सभी बच्चों को मिलेगा सांत्वना पुरस्कार

# स्वतंत्रता दिवस समारोह पर पुरस्कार के साथ दिए जाएंगे पौधे ताकि समझें पर्यावरण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, भव्य एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित करने के कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से पूर्ण की जाएं तथा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस वर्ष प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त प्रस्तुति देने वाले सभी शेष विद्यार्थियों को भी उनके उत्साहवर्धन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा तथा उनमें राष्ट्रीय पर्वों के प्रति सहभागिता की भावना और अधिक प्रबल होगी।

कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार के लिए पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में 10 अगस्त तक जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से भेजे जाएं, ताकि समय पर उनका परीक्षण एवं अनुमोदन किया जा सके ।पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में इस वर्ष सम्मानित होने वाले प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र के साथ एक पौधा भी भेंट किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पुरस्कार प्राप्तकर्ता उस पौधे का रोपण कर उसकी देखभाल भी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह को पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष अधिकांश आमंत्रण पत्र डिजिटल माध्यम से जारी किए जाएंगे। केवल औपचारिक आवश्यकता के अनुसार सीमित संख्या में मुद्रित आमंत्रण पत्र प्रकाशित किए जाएंगे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, वन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, खनिज विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह की सभी व्यवस्थाएं एक दिन पूर्व ही पूर्ण कर ली जाएं, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी शासकीय विभागों को अपने कार्यालयों की विशेष साज-सज्जा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिन शासकीय कार्यालयों की सजावट उत्कृष्ट एवं आकर्षक होगी, उन्हें भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

देशबन्धु

नर्मदापुरम, शुक्रवार, 7 अगस्त 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## कॉकरोच अब किस दिशा में बढ़ेंगे

जंतर-मंतर पर पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन खत्म हो चुका है और धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा भी हो गया है। इस बीच प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिन पर सुनवाई चल रही है। इस तरह देखा जाए तो कॉकरोच जनता पार्टी ने मोदी सरकार के नुमाइंदों के साथ मिलकर जो समझौता किया था और महीने भर से ऊपर चला आंदोलन खत्म हुआ था, तो अब कॉकरोच जनता पार्टी किस दिशा में आगे बढ़ेगी। क्या वह किसी राजनैतिक दल में तब्दील होगी, या फिर शिक्षा व्यवस्था के जो अनसुलझे सवाल हैं, उन्हें उठाएगी, या उसकी भूमिका बस यहीं तक सीमित थी, ऐसे कई सवालों पर जवाब मिलने अब शुरु हो गए हैं।

बुधवार और गुरुवार दो दिनों तक कॉकरोच जनता पार्टी की बैठक चली और अब अभिजीत दिपके ने गुरुवार को अपने अगले कदम के बारे में बताया है। दिपके के मुताबिक सीजेपी अब देश भर में एक नुहिम छेड़ रही है, जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इस मुहिम की घोषणा करते हुए दिपके ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को समझना और उनके लिए काम करना होगा। बकौल, दिपके इस अभियान का सबसे पहला ध्यान शिक्षा क्षेत्र पर होगा, धीरे-धीरे इसे अन्य मुद्दों पर भी केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सबसे पहले ध्यान इसलिए दिया गया है क्योंकि स्कूल, कॉलेज और कोचिंग की बढ़ती फीस की वजह से कई परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध नहीं करवा पाते। उन्होंने कहा, देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हमारा पहला मुद्दा होगा। इस पर हमें काम करना है। हमारा मानना है कि देश में शिक्षा महंगी हो गई है। पहली कक्षा के लिए सालाना फीस 1 लाख रुपए से लेकर 2 लाख रुपए के बीच है। इसके अलावा कई जगह डोनेशन भी चलता है। दिपके ने सवाल उठाया कि देश में लोगों की आय इतनी कम है। आखिर वह कैसे अपने बच्चों को इतनी फीस देकर पढ़ा पाएंगे? कॉलेज और कोचिंगों की महंगी फीस कई परिवारों को कर्ज के जाल में फंसा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कॉकरोच पार्टी छात्रों के और तमाम परिवारों के इस आर्थिक बोझ को कम करना चाहती है। अभिजीत दिपके ने भीम राव अंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है। शिक्षा को सभी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन आज के समय में शिक्षा केवल एक मुनाफे का धंधा बन चुकी है।

अभिजीत दिपके की ये बातें भारतीय राजनीति के लिए देजा वू पल समान लग रही हैं। फ्रेंच भाषा से लिए गए इस शब्द का अर्थ है पहले से देखा या महसूस किया हुआ। ज्यादा नहीं बस डेढ़ दशक पहले 26 नवंबर 2012 को आम आदमी पार्टी बनी थी। अरविंद केजरीवाल की बनाई यह पार्टी इंडिया अगेंस्ट करप्शन नाम के अभियान से ही निकली थी। आम आदमी पार्टी ने भी जनता पर पकड़ बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर ही जोर दिया। और इसमें कोई संदेह नहीं कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो चाहे सरकारी स्कूल हों या मोहल्ला क्लिनिक की अवधारणा इनसे लाखों लोगों की जिंदगी में सहूलियत बढ़ी। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बहुत हद तक आप सरकार ने सुधार किया था। फरवरी 2020 में जब ट्रंप भारत के दौरे पर थे, तो अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने एक सरकारी स्कूल का दौरा भी किया था।

आम आदमी पार्टी ने अपने गठन के वक्त यही दावा किया था कि वह राजनीति में बदलाव करेगी और मौजूदा चलन से हटकर काम करके दिखाएगी। लेकिन राजनैतिक मजबूरी कहें या महत्वाकांक्षा, आम आदमी पार्टी भी अब उसी रवैये पर चलती है जैसे बाकी राजनैतिक दल। भाजपा के विरोध में आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनना मंजूर किया और उसे कांग्रेस से हाथ मिलाया, जिसकी मुखालफत वो करती रही है। लेकिन अब उसे इस गठबंधन में सहजता महसूस नहीं हुई तो वह अलग भी हो गई है। भविष्य में आम आदमी पार्टी क्या अकेले ही रहेगी या फिर किसी गठबंधन का हिस्सा बनेगी यह कहना कठिन है।

ठीक ऐसे ही अब कॉकरोच जनता पार्टी का हाल भी दिख रहा है। 'क्या बोलती पब्लिक' में जिस पब्लिक पर जोर दिया जा रहा है, वह आम आदमी ही है। बेशक अभिजीत दिपके ने अभी कहा है कि वह राजनीतिक पार्टी नहीं बनेंगे। बल्कि स्थानीय स्तर पर सुधार करने के लिए एक 'प्रेशर ग्रुप' यानी दबाव बनाने वाले समूह की तरह काम करेंगे। और जनता के बीच जाकर जानेंगे कि लोग देश के मौजूदा हालात के बारे में क्या सोचते हैं और उन्हें किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बिना राजनैतिक आधार के क्या वे केवल प्रेशर ग्रुप बनाकर उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे, जिसके लिए, कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। बेशक मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणी से आहत होकर उसके लिए दिए गए जवाबी तंज में कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। लेकिन जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में आंदोलन खड़ा करने में उसकी ही भूमिका रही है। बाद में वामदल के छात्र संगठन इस आंदोलन में शामिल हुए तो इसमें नए आयाम जुड़े और फिर लगभग विपक्ष के हर दल के नेता ने जंतर-मंतर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आंदोलन सीजेपी तक शामिल नहीं रहा, लेकिन यह भी सच है कि आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार से समझौता सीजेपी ने ही किया। ऐसे हालात में भले ही अभी सीजेपी राजनैतिक दल में तब्दील नहीं होगी। लेकिन वो उन्हीं मुद्दों को उठाने की बात कर रही है, जिनके समाधान लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा बनकर ही तलाशा जा सकता है। अब सीजेपी क्या विपक्षी मोर्चे का अघोषित हिस्सा बनकर काम करेगी, क्या शिक्षा, बेरोजगारी, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट जैसे मुद्दों के अलावा वह अपनी विचारधारा स्पष्टता के साथ जनता के सामने रख पाएगी, या वाकई सामाजिक आंदोलन की तरह ही काम करेगी और पूरी तरह राजनीति से अलग रहेगी, इन सारे सवालों के जवाब निकट भविष्य में मिल जाएंगे, ऐसी उम्मीद है।

# भारत में बढ़ती असमानता और सिकुड़ते अवसर

▪ राजेश पांडेय

भारत को हमेशा चमकीली संभावनाओं का देश माना जाता है। पुराने दौर में उसके लिए सोने की चिड़िया विशेषण का इस्तेमाल होता था। उसमें दुनिया की बड़ी ताकत के बतौर उभरने की क्षमता रही है। लेकिन वर्तमान स्थिति खोए हुए अवसरों की अनंत कथा के रूप में तब्दील हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। राजनीतिक सत्ता के समान संपत्ति और साधन चंद लोगों के हाथों में सिमट गए हैं। नीतियों और प्राथमिकताओं में कुछ अमीरों को ज्यादा अहमियत मिल रही है। विश्व बैंक के आंकड़े और कई विशेषज्ञों के निष्कर्ष हालात की सही तस्वीर पेश करते हैं। जानकारी छिपाने और तोड़-मरोड़कर तथ्य पेश करने में माहिर सरकार भी कई बार सच बता देती है।

भारत ने आजादी के बाद मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल अपनाया था। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार का झुकाव समाजवाद और पूर्व सोवियत संघ की व्यवस्था की तरफ था। सरकार ने कई उद्योगों की बुनियाद रखी और बड़े बांध बनाए। विशुद्ध पूंजीवाद के पैरोकार कई अर्थशास्त्री देश की अपेक्षाकृत धीमी विकास दर के लिए इस मॉडल को जिम्मेदार मानते हैं। खासतौर से 2014 के बाद तो देश की तमाम समस्याओं का ठीकरा नेहरू के कार्यकाल पर फोड़ने का सिलसिला चल पड़ा है। बहरहाल, पं. नेहरू के दौर में बने एक विराट सार्वजनिक क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा किए। कुछ नए शहर अस्तित्व में आए, अर्थव्यवस्था को सहारा मिला और अवसरों में आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी थी। एक बेहद पिछड़े देश ने विकास की दौड़ में बड़े देशों से होड़ करने का सपना देखा था।

विकास के नेहरूवादी मॉडल में आगे जाकर कई सरकारों ने बदलाव किए हैं। लेकिन आर्थिक गैरबराबरी नए शिखर स्पर्श कर रही है। यहां हम आय, संपत्ति, उत्पादन के तुलनात्मक आंकड़ों से विकास की वास्तविक स्थिति का काफी हद तक मूल्यांकन कर सकते हैं। पेरिस इकानॉमिक्स स्कूल की विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के मुताबिक भारत में कुछ लोगों के हाथ में संपत्ति और आय के जमा होने का स्तर चरम पर पहुंच गया है। वह दुनिया के सबसे ज्यादा असमान देशों की श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय आय के 58 प्रतिशत हिस्से पर टॉप दस प्रतिशत लोगों का कब्जा है। दूसरी ओर सबसे निचली सीढ़ी पर बैठे 50 प्रतिशत लोगों के हिस्से में सिर्फ 15 प्रतिशत आमदनी आई है। कुल राष्ट्रीय आय के 40 प्रतिशत के मालिक एक फीसदी लोग हैं। विश्व बैंक की जुलाई 2026 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को निम्न मध्यम आय की अर्थव्यवस्था बताया गया है। यह दर्जा 2009 से चल रहा है। मतलब पिछले 15-16 वर्षों से स्थिति लगभग यथावत है।

भारत के महाशक्ति बनने की संभावनाएं वर्षों से जताई जा रही हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद तो विश्व गुरु, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था सहित कई दावे जोर-शोर से किए जा रहे हैं। लेकिन इन दावों पर संदेह बढ़ा है। इंडियन एक्सप्रेस में अभी हाल प्रकाशित सी राजामोहन के लेख में दो विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि भारत में बड़ी ताकत बनने की कई खूबियां हैं पर इतनी नहीं कि वह दुनिया की व्यवस्था को आकार दे सके। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के इतिहासकार ब्रेंडन सिम्स ने अपनी नई किताब- द रिटर्न ऑफ ग्रेट पावर्स में भारत को फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ महाशक्ति बनने की कगार पर खड़े देशों की सूची में रखा है। वे लिखते हैं यदि अगले दशक में भारत का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ब्रिटेन, जापान और जर्मनी से अधिक हो जाता है तब भी वह अमेरिका और चीन से बहुत पीछे तीसरे स्थान पर रहेगा। फॉरेन अफेयर्स पत्रिका में एक लेख में टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के माइकेल बेकले की दलील है, विश्व राजनीति में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका तो बनी रहेगी लेकिन अपनी कई घरेलू कमजोरियों के कारण उसके वास्तविक महाशक्ति बनने की संभावना नहीं है।

> भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है।

ये घरेलू कमजोरियों कौन सी हैं? 2014 के बाद धार्मिक ध्रुवीकरण बढ़ा है, सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई ने राजनीतिक दलों के साथ औद्योगिक, व्यावसायिक हलकों में डर पैदा किया है। उद्योगपति निवेश करने में हिचकिचा रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री कभी चेतावनी तो कभी सवाल पूछने के अंदाज में कहते हैं, समझ में नहीं आता है उद्योगपति निवेश करने से पीछे क्यों हट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में प्राइवेट सेक्टर का निवेश जीडीपी के 11 प्रतिशत पर आ गया है। वहीं मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यह 14 प्रतिशत था। यह स्थिति उस वक्त है जब मोदी सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स की दर 2019 में 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत कर दी।

अब उद्योगपति सरकार के फैसलों, उसकी नीतियों पर सवाल उठाने की बजाय उसकी तारीफ करने में लगे रहते हैं। हर बजट का जमकर स्वागत होता है। कुछ साल पहले तक उद्योगपति राहुल बजाज सरकार के खिलाफ खुलकर बोलते थे। फरवरी 2022 में उनके निधन के बाद उद्योग क्षेत्र से ऐसी कोई असरदार आवाज सामने नहीं आई है। कॉरपोरेट सेक्टर जोखिम भी नहीं उठा रहा है। उसका ध्यान किराए, ब्याज, शेयर बाजार के लाभांश और वायदा बाजार जैसी रेंटियर गतिविधियों पर ज्यादा है। 2012-13 से 2023-24 के आयकर रिटर्न के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है, व्यावसायिक गतिविधियों से कंपनियों की कुल कर योग्य आय 57.3प्रतिशत से गिरकर 54.3प्रतिशत पर आ पहुंची थी।

न्यूयॉर्क के थिंक टैंक रोडियम ग्रुप और ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट का निष्कर्ष है, मैन्युफैक्चरिंग में भारत आगे नहीं बढ़ सका है। चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट और अमेरिका से व्यापार युद्ध ने दूसरे देशों के लिए आर्थिक फायदा उठाने के मौके बनाए हैं। लेकिन भारत के मुकाबले इस स्थिति को वियतनाम, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको जैसे देशों ने ज्यादा भुनाया है। पश्चिमी देशों की कई कंपनियों ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग चीन से हटाकर इन देशों में स्थानांतरित कर दी है।

निजी क्षेत्र के निवेश में गिरावट के बीच कुछ अमीरों की संपत्ति तेज रफ्तार से बढ़ रही है। दो उद्योगपतियों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आगे निकलने की जबर्दस्त होड़ है। फोर्ब्स की सूची के अनुसार 2026 के मध्य में 8.84 लाख करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अडानी भारत के सबसे अमीर शख्स थे। 2021 में उनकी संपत्ति 7.12 लाख करोड़ रुपए थी। उन्होंने पांच साल से कम समय में अपनी संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपए का इजाफा कर लिया है। अडानी ने भारतीय अमीरों के सिंहासन पर लंबे समय से आसीन मुकेश अंबानी को पीछे हटा दिया है। 2021 में अंबानी की संपत्ति लगभग 8.84 लाख करोड़ रुपए थी। यह 2026 में घटकर 8.65 लाख करोड़ रुपए पर आ गई।

असमानता की एक और तस्वीर इन आंकड़ों में देखिए। बीते कुछ वर्षों में कुछ भारतीयों की आय और संपत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अभी हाल में वित्त मंत्रालय ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक आय वाले लोगों की संख्या 2021-22 के 142 से बढ़कर 2025-26 में 576 हो गई थी। एक अरब 40 करोड़ की आबादी में यह संख्या मुट्ठी भर कही जाएगी। दूसरी और बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिन्हें अच्छा जीवन बिताने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार 2025 में नियमित कर्मचारियों का औसत सालाना वेतन 2.7 लाख रुपए (22 हजार 699 रुपए मासिक) था। वहीं आकस्मिक कामगार का औसत दैनिक वेतन सिर्फ 453 रुपए रहा।

पिछले माह जंतर-मंतर और कुछ राज्यों में युवाओं के आंदोलन का मुख्य कारण सिर्फ प्रश्नपत्रों का लीक होना नहीं है। उसने बढ़ती बेरोजगारी और सिकुड़ते अवसरों के खिलाफ अपनी चिंता, आक्रोश और असंतोष जताया है। हर साल गिनी-चुनी सरकारी नौकरियों में आवेदन करने वालों की संख्या लाखों में रहती है। अधिकतर युवाओं को उनकी योग्यता और क्षमता के हिसाब से रोजगार नहीं मिल रहे हैं। इसलिए वे मजबूरी में सामान की सप्लाई करने वाले रोजगार से काम चला रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में खाना और अन्य सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनियों में रोजगार कई गुना बढ़ा है। शहरों में लोगों के दरवाजों पर गर्मागर्म खाना और सामान की डिलीवरी करने वाले लोगों में ज्यादातर युवा ही होते हैं।

भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है। उसके सामने युवा आबादी से लाभ उठाने का मौका है। ऐसा सुनहरा अवसर एक शताब्दी में एक-दो बार ही मिलता है। इस बार चूके तो हम विकसित भारत का सपना साकार होते नहीं देख पाएंगे। अनंत संभावनाओं के बावजूद अमेरिका और चीन जैसे देशों के पीछे चलते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन : भारत की हरित क्रांति के जनक



प्रदीप पाटिल

भारत रत्न डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में याद किया जाता है। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी एवं क्रांतिकारी योगदान ने भारत को खाद्यान्न संकट से उबारकर विश्व के सबसे बड़े अनाज उत्पादक देशों में शामिल कर दिया। वैज्ञानिक कार्यपद्धति, अभिनव प्रयोग, प्रभावी नीतिगत हस्तक्षेप तथा किसानों के साथ जमीनी स्तर पर जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय कृषि की दिशा और दशा दोनों बदल दी।

7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु में जन्मे डॉ. स्वामीनाथन ने अपना सम्पूर्ण जीवन खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया। 1960 के दशक में जब भारत बार-बार अकाल, खाद्यान्न संकट और आयात पर निर्भरता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा था, तब डॉ. स्वामीनाथन ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नेतृत्व से देश की कृषि व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

**डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की कृषि विरासत के प्रमुख स्तंभ**

***1. उच्च उपज देने वाली किस्में:-*** डॉ. स्वामीनाथन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उच्च उपज देने वाली गेहूं एवं धान की किस्मों का विकास और प्रसार था। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलॉग सहित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के साथ मिलकर मेक्सिको की कम ऊंचाई वाले गेहूं की किस्मों को भारत में लाने और उन्हें भारतीय किस्मों के साथ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन नई किस्मों ने भारत की जलवायु एवं कृषि परिस्थितियों में बेहतरीन परिणाम दिए। इस हरित क्रांति की शुरुआत पंजाब और हरियाणा से हुई और शीघ्र ही पूरे देश में फैल गई।

> जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

***2. आधुनिक कृषि अनुसंधान प्रणाली का निर्माण***

डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को एक सशक्त एवं गतिशील संस्था के रूप में विकसित किया, जिसने कालांतर में वैज्ञानिकों, किसानों और नीति-निर्माताओं के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में कृषि अनुसंधान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो गया।

***3. टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि के प्रबल समर्थक***

डॉ. स्वामीनाथन अपने समय से बहुत आगे की सोच रखने वाले वैज्ञानिक थे। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग तथा भूजल के अंधाधुंध दोहन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति समय रहते चेताया। उन्होंने 'सदाबहार क्रांति' (एवरग्रीन रिवोल्यूशन) की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। डॉ. स्वामीनाथन ने जैविक खेती, जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को विशेष महत्व दिया।

***4. छोटे एवं सीमांत किसानों के अधिकार तथा बीज-संप्रभुता***

डॉ. स्वामीनाथन ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि आधुनिक विज्ञान का लाभ छोटे एवं सीमांत किसानों तक भी पहुंचे। उन्होंने किसानों के बीजों को सुरक्षित रखने, उपयोग करने और साझा करने के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया। उनके प्रयासों से पौधा-किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 अस्तित्व में आया, जिसे अभिनव प्रयोग और परंपरा के संतुलन का वैश्विक उदाहरण माना जाता है।

***5. संवेदनशील एवं तथ्य-आधारित कृषि नीति के समर्थक***

राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2006 में प्रस्तुत उनकी रिपोर्ट में अनुशंसा की गई कि फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए। किसानों को उचित मूल्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना तथा संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का उनका दृष्टिकोण आज भी भारत की कृषि नीति का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

भावी दिशा- आज भारत जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता तथा जल संकट जैसी नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में डॉ. स्वामीनाथन की सोच हमें आगे बढ़ने का स्पष्ट मार्ग दिखाती है। इसके लिए आईसीएआर जैसी संस्थाओं का आधुनिकीकरण तथा कृषि विस्तार सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाना जरूरी है ताकि प्रत्येक किसान नवीनतम अनुसंधान, तकनीक एवं कृषि सलाह से जुड़ सके। इसी प्रकार मोबाइल ऐप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा डिजिटल कियोस्क जैसी आधुनिक और नवोन्मेषपूर्ण तकनीकों का व्यापक उपयोग लाभप्रद होगा।

जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। छोटे, सीमांत, बटाईदार, महिला एवं जनजातीय किसानों के लिए संस्थागत ऋण, फसल बीमा तथा बेहतर बाजार सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाई जाए।

उनकी अन्य सिफारिशों जैसे ग्रामीण आधारभूत संरचना में निवेश तथा वर्षा आधारित कृषि के विकास हेतु राष्ट्रीय वर्षा आधारित क्षेत्र प्राधिकरण को लागू करना भी भारत की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर सकता है।

डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का बड़प्पन उनके समग्र दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने आनुवंशिकी को नैतिकता से, उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण से तथा विज्ञान को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ा। उनका विश्वास था कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार है। आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब डॉ. स्वामीनाथन के विचार और उनकी दूरदर्शिता पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं।

## आपके पत्र

### सुविधा नहीं गरीब के जीवन का आधार है राशन व्यवस्था

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विकास, डिजिटलीकरण और कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा देशभर में होती है, लेकिन क्या यह योजनाएं देश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक समान रूप से सभी को लाभान्वित करती हैं? इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि हकीकत यह है कि आज भी बिहार जैसे राज्यों के कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं, जहां हज़ारों गरीब परिवारों को राशन जैसी सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है।

जिन घरों की आय इतनी कम है कि रोज़ कमा कर लाने से रोज़ का खाना बनता है, उनके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब राशन समय पर नहीं मिलता, कम मात्रा में मिलता है या बिना किसी स्पष्ट कारण के राशन कार्ड से किसी सदस्य का नाम काट दिया जाता है, तब इसका सबसे बड़ा असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनके लिए दो वक्त का भरपेट भोजन जुटाना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

बिहार के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार रहते हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। खेतिहर मजदूर, दिहाड़ी श्रमिक, भूमिहीन किसान और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग अक्सर अनिश्चित आय पर निर्भर रहते हैं।

बरसात, बाढ़, सूखा या बीमारी जैसे हालात उनकी कमाई को और प्रभावित कर देते हैं। ऐसे समय में सरकारी राशन ही उनके घर का चूल्हा जलाए रखने का सबसे भरोसेमंद सहारा बनता है। यदि किसी महीने राशन मिलने में देरी हो जाए, तो परिवार को भूखे पेट सोने की नौबत तक आ जाती है।

एक आंकड़े के अनुसार बिहार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 8.7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार, लगभग 2 करोड़ से अधिक राशन कार्ड राज्य में सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से पात्र परिवारों को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल और गेहूं) अत्यंत रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत आने वाले अत्यंत गरीब परिवारों को प्रति परिवार 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है। यही व्यवस्था लाखों परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

राशन कार्ड का महत्व केवल अनाज प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। आज यह अनेक सरकारी योजनाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बन चुका है। पात्र परिवारों को राशन मिलने के साथ-साथ कई मामलों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ भी मिलता है। इसके अतिरिक्त कई सरकारी योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने, पहचान प्रमाण के रूप में उपयोग करने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने में भी राशन कार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**श्रुति कुमारी, मुजफ्फरपुर बिहार**



## ललित सुरजन की कलम से

### दफा 499 और 500

*वर्तमान समय के अधिकतर नेताओं का पढ़ने-लिखने से कोई वास्ता नहीं है। ऐसे में उनके पास अगर अपनी बात कहने के लिए सही शब्दों का अभाव है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। दूसरे- किसी नेता का उसे सुनने आई भीड़ को देखकर प्रफुल्लित हो जाना स्वाभाविक है, लेकिन उससे कहीं अधिक वे टेलीविजन के कैमरों को देखकर पहले नकली आवेश में और फिर उसी रौ में बहते हुए अपने असली रूप याने एक कुपढ़ और बददिमाग व्यक्ति के रूप में सामने आ जाते हैं। उन्हें लगता है कि अपने विरोधियों को जितना अधिक गरियाएंगे उनकी लोकप्रियता और वोटों में उतना ही इजाफा होगा। वे भूल जाते हैं कि आपका विरोधी ही आपके भाषणों का रिकार्डिंग करवा रहा है। तीसरे- नेताओं का अहंकार सिर पर चढ़कर बोलता है। इस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करने की नसीहत दी है तथा व्यक्ति की मानहानि को अपराध की श्रेणी में रखा है तो वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए शायद उचित ही हुआ है।*

**(देशबन्धु में 19 मई 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/499-500.html

## प्रकाश पर्व

### आठवें नानक हरिकृष्ण राय

हरिकृष्ण राय जी का इस धरा पर आगमन सातवें नानक हरि राय साहिब के गृहग्राम में 7 जुलाई को 1656 में हुआ था। उनकी माता का नाम कृष्ण कौर था। आप 6 अक्टूबर 1661 को गुरुगद्दी पर विराजमान हुए तब इनकी आयु मात्र सवा पांच साल की थी। इस तरह गुरु घर में छोटी उम्र हो बड़ी कोई मायने नहीं रखती। जहां तीसरे नानक गुरु अमरदास जी 73 वर्ष की आयु में गुरु गद्दी पर विराजमान हुए वहीं आठवें नानक मात्र मात्र पांच वर्ष की उम्र में गुरु गद्दी पर बैठे। क्योंकि शरीर तो बदलता रहा पर ज्योति वही दूसरे शरीर में प्रवेश करती रही-

जोत उही जगति उही, सा काया फेर पलटिये।

आप सातवें नानक हरि राय साहिब के छोटे सुपुत्र थे। उनके बड़े बेटे भाई राम राय जी थे जिन्हें बादशाह औरंगजेब के दिल्ली बुलाने पर यह कहकर गुरु पिता ने भेजा था कि गुरु घर की मर्यादा के अनुसार ही बादशाह के प्रश्नों का उत्तर देना और कोई करामात नहीं दिखाना। गुरु राम राय जी ने औरंगजेब के सभी प्रश्नों के जवाब गुरुघर के मर्यादा के अनुसार दिये लेकिन गुरुग्रंथ साहिब की गुरुवाणी की एक लाइन का जवाब बादशाह के बहकावे में आकर गलत जवाब दे दिया। गुरुवाणी के अनुसार लाईन थी- मिट्टी मुसलमान की पेड़े कुमिहार की पई के स्थान पर मिट्टी मुसलमान बेईमान की कहकर गुरुवाणी को तोड़-मरोड़कर पेश कर दिया। इससे बादशाह तो बहुत खुश हुए। उन्हें ईनाम के तौर पर दून की कुछ रियासतें जागीर के तौर पर दे दी। इस बात का पता लगा तो गुरुदेव हरिराय जी ने संदेशा भिजवा कि गुरुवाणी को तोड़-मरोड़ करने वाला अब गुरु घर में कभी नहीं आए और इस तरह गुरु गद्दी अपने छोटे बेटे हरिकृष्ण को सौंप दी।

पदासीन होने के बाद आप को भी बादशाह औरंगजेब ने दिल्ली बुलवाया पर पिता की आज्ञा का पालन करते हुए आपने दिल्ली जाकर नहीं मलेछ को दर्सन देहे के मुताबिक आपने दिल्ली जाने से इंकार कर दिया। बाद में राजा जयसिंह के घर साध संगत की आज्ञा अनुसार दिल्ली चल पड़े। रास्ते में पंखाजोर नामक गांव में एक लालचन्द्र नामक अहंकारी पंडित आपके पास आया और कहा कि आपको याद होगा कि गीता में श्रीकृष्णजी ने गीता उच्चारण की थी आप हरिकृष्ण हैं तो उसका अर्थ ही बता दीजिए। तब उसके अहंकार को तोड़ने के लिए आपने कहा कि आप गांव से किसी को भी ले आइये मैं उसका अर्थ उसके मुख से ही छड़ी रखकर दूंगा तो सब बता देगा। तब लालचंद्र ने एक गूंगे और बहरे छज्जू नामक युवक को ले आया। गुरुदेव ने उस गूंगे के सिर पर छड़ी रख दी और कहा कि लालचंद्रजी जिस जिस श्लोक का अर्थ पूछें आप उसका उत्तर देते जाइए इस तरह सारे श्लोकों का अर्थ बताते गया। उस दिन से ही वह गूंगा बोलने और सुनने लगा।

दिल्ली में आपके रहते ही चेचक की महामारी फैल गई तब आपने उसी बंगले में जहां आपने निवास किया था वहीं एक बावली का निर्माण कराया और कहा जो भी इस जल से स्नान करेगा उसका दुख-तकलीफ दूर हो जाएगा-

हरि हरि नाम दिओ दारु तिनि सगला रोग बिदारू।

वहीं सेवा करते हुए आप खुद भी चेचक के शिकार हो गए तब अपना अंतिम समय निकट जान गुरुघर की परंपरा के अनुसार पांच पैसे और एक नारियल रखकर शीश निवाते हुए कहा-बाबा बकाले और इस तरह गुरुतेग बहादुर नौंवे नानक के रूप में पदासीन हुए। आपका अंतिम संस्कार जमुना किनारे किया गया जहां आज गुरुद्वारा बाला साहिब और जिस बंगले में आपने निवास किया वहां गुरुद्वारा बंगला साहिब सुशोभित है।

इस तरह आप केवल तीन साल ही गुरुगद्दी पर रहे। इन तीन सालों में बहुत बड़े-बड़े कार्य किये। दशम गुरु ने फरमाया कि-

हरि कृष्ण धिआइये जिस डिठियां सब दुख जाये।

आज आपका प्रकाश पर्व है आपके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए आपके आदर्शों के अनुसार ही अपना जीवन मानव सेवा की भलाई में ही व्यतीत करें।

**-इंदरसिंह आहुजा**

# खेल जगत

## पाकिस्तान के खिलाफ लॉरेंस की टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट के लिए बैटिंग ऑलराउंडर डैन लॉरेंस को 16-सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। वहीं, जॉर्डन कॉक्स नंबर-3 पोजिशन पर बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच 19 अगस्त से तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज लीड्स में शुरू होगी। इसके बाद दोनों देश 27 अगस्त से लॉर्ड्स में दूसरा मुकाबला खेलेंगे। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 9 सितंबर से बर्मिंघम में खेला जाएगा।जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल की जगह टॉप ऑर्डर में नजर आएंगे। बेथेल भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीत के दौरान अपना दाहिना घुटना चोटिल करवा बैठे थे। बेथेल अब तक इस चोट से उबर नहीं सके हैं, जिसके चलते तीन मुकाबलों की पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं, लॉरेंस को सरे के साथ शानदार काउंटी चैंपियनशिप सीजन के लिए इनाम मिला है, जहां वह 5 शतक और 788 रनों के साथ डिवीजन वन में सबसे आगे हैं। लॉरेंस नंबर-6 पर बैटिंग करेंगे।

# भारत को पदक जीतने के लिए मजबूती से खेलना होगा: प्रीतम

## अनुभवी नवनीत व सविता को जूनियर खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित करना होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



महिला हॉकी विश्व कप

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर और कप्तान 51 बरस की प्रीतम रानी सिवाच बतौर हॉकी खिलाड़ी भारत का नाम रोशन करने के बाद अब बतौर महिला हॉकी कोच अपनी प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी के जरिए

> हमारी मौजूदा टीम की अनुभवी खिलाड़ियों को टीम की नौजवान और जूनियर खिलाड़ियों को साथ लेकर चलना होगा: प्रीतम रानी

देश की हॉकी का भविष्य संवार रही हैं। 2002 में भारत को मैनचेस्टर में राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जिताने में ममता खरब के साथ बतौर स्ट्राइकर प्रीतम सिवाच ने अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय महिला हॉकी टीम की इसी कामयाबी पर चर्चित 'चक दे इंडिया' जैसी चर्चित फिल्म बनी और इसमें शाहरुख खान ने कोच का अहम किरदार अदा किया था। प्रीतम सिवाच एकेडमी की पांच लड़कियां भी भारत की एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 में शिरकत करने जा रही टीम में शामिल हैं। प्रीतम का बेटा बतौर मिडफील्डर भारत की पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने वाली टीम की अहम कड़ी हैं। प्रीतम सिवाच की बेटी कणिका सिवाच भी भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम की अहम सदस्य हैं।

यह भी एक सुखद संयोग है कि वह खुद 1998 में उट्रेक्ट (नीदरलैंड) में भारत के लिए महिला हॉकी विश्व कप में खेली थी तब टीम अपने चारों मैच कड़े और करीबी संघर्ष में हार कर अंतिम स्थान पर रही थी। भारतीय महिला हॉकी टीम की विश्व कप में संभावनाओं पर प्रस्तुत हैं प्रीतम सिवाच से हुई बातचीत। भारत का अब तक महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में चौथा स्थान है और आप खुद 1998 के महिला हॉकी विश्व कप में उट्रेक्ट (नीदरलैंड) में देश की नुमाइंदगी कर चुकी हैं। इस बार महिला हॉकी विश्व कप में कहां तक जाएगी भारत की चुनौती? मैं 1998 में आखिरी बार भारत के लिए महिला विश्व कप में खेली थी और तब हमारी टीम अपने सभी मुकाबले करीब संघर्ष में हार कर संदीप कौर की कप्तानी में आखिरी स्थान पर रही थी। 2026 के विश्व कप भारतीय महिला हॉकी टीम में चुनी गई अनुभवी नवनीत कौर, सुशीला चानू, खुद कप्तान सलीमा टेटे और अनुभवी गोलरक्षक सविता को टीम की नई और नौजवान खिलाड़ियों को साथ ले उनका मार्गदर्शन कर उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रेरित करना होगा। हमारी भारतीय टीम अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की मिली खासी संतुलित है। बेशक हमारी टीम के कोच शुएर्ड मराइन के पास महिला हॉकी विश्व कप के अच्छी योजना भी होगी। हमारी मौजूदा टीम की अनुभवी खिलाड़ियों को टीम की नौजवान और जूनियर खिलाड़ियों को साथ लेकर चलना होगा। भारत को महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने के लिए किले की मजबूती से चौकसी के साथ पूरी शिद्दत से मैदान खेल कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का पहला लक्ष्य बेशक क्वार्टर फाइनल में पहुंचना होना चाहिए और वे इसमें सक्षम भी दिखाई देती हैं। हमारी भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची बेशक हॉकी विश्व कप में पदक जीतने में भी कामयाब रहेगी। मेरी प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी की पांच लड़कियां- नेहा, साक्षी राणा, ज्योति,शिल्पी डबास और इशिका भारत की महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करने जा रही टीम का हिस्सा हैं। मुझे अपनी इन पांचों के साथ भारतीय टीम के लिए विश्व कप में कामयाबी की नई कहानी लिखने का भरोसा है। नवनीत कौर जैसी स्ट्राइकर, मिडफील्डर ललरेमिसयामी व कप्तान सलीमा टेटे व सविता को टीम की ज्योति, शिल्पी और इशिका जैसी खिलाडियों का साथ लेकर चलना होगा।

### विश्व कप में यशदीप खुलकर खेलेंगे



जहां तक मेरे बेटे यशदीप सिवाच की बात है तो उसकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 में भारतीय टीम में जिम्मेदारी ओवरलेप कर काउंटर पर गोल करने की है। उसे टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, सुमित का मार्गदर्शन और राजिंदर सिंह सभी का सहयोग मिलेगा। मेरे बेटे यशदीप को मुझसे और अपने पिता कुलदीप से बचपन से बिना किसी दबाव के खुल कर हॉकी खेलने और पूरा लुत्फ उठाने का सबक मिला है। बेशक वह विश्व कप में खुलकर खेलेंगे और भारतीय टीम को विश्व कप में आगे तक ले जाने में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आगे तक ले जाने में मददगार बनेंगे।

**पूल डी में चीन, इंग्लैंड के खिलाफ जवाबी हमलों और डिफेंस में कम से कम गलतियां करनी होगी**

आज मॉडर्न यानी नए जमाने की हॉकी बिल्कुल बदल गई है। आज के जमाने में गोल करने से कहीं ज्यादा अहम है अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति में अनुभवी फुलबैक सुशीला चानू और गोलरक्षक सविता सहित सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि प्रतिद्वंद्वी टीम को कम से कम से पेनल्टी कॉर्नर लेने दें। आज सभी टीमें एक दूसरे की मजबूत चौकसी कर खेलने उतरती हैं और इसलिए मैदानी गोल के मौके आज बहुत कम हो जाते हैं। सच तो यह है कि पेनल्टी कॉर्नर बनाने और इस पर गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर बचाना ही मैचों के फैसलों में अहम रहेगा। आज चाहे कोई चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सभी स्ट्रक्चर और योजना से खेलेंगी और कोई भी कमजोर नहीं है। महिला हॉकी विश्व कप में जो भी टीम स्ट्रक्चर और योजना से खेलेगी, पेनल्टी कॉर्नर बना इसे भुनाएंगी और पेनल्टी कॉर्नर पर मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी करेगी वही उपर जाएगी। हमारी भारतीय टीम को मिले मौकों चाहे वह पेनल्टी कॉर्नर हो या मैदानी गोल, हर को भुनाना होगा। हमारे चीन और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खासे संघर्षपूर्ण रहे हैं। बस जरूरी है इन सभी के खिलाफ जीतना है तो मौकों को भुनाना होगा। विश्व कप में पूल डी में चीन के खिलाफ अपने किले की चौकसी, इंग्लैंड के खिलाफ जवाबी हमलों और डिफेंस में कम से कम गलतियां करनी होगी। पेनल्टी कॉर्नर बना इन्हें भुनाने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के पेनल्टी कार्नर को रोकना होगा। चीन के पास खतरनाक ड्रैग फ्लिकर हैं और उसके खिलाफ गोल करने से पहले हमें अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी करनी होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व कोच ओलंपियन कर्नल बलबीर सिंह कहते थे मॉडर्न में कामयाबी के लिए जरूरी है पहले अपने घर को जलने (गोल खाने) से बचाना क्योंकि हम अपना घर बचाने में सफल रहे तो फिर प्रतिद्वंद्वी के घर को जला (गोल कर) सकते हैं। हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गोल अपनी आक्रामक हॉकी खेल कर ज्यादा से गोल करने की कोशिश करनी होगी।

# खाईदम चानू के हाथ होगी भारत की कप्तान



महिला जूनियर हॉकी एशिया कप

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। मिडफील्डर खाईदम शिलिमा चानू मोकी, चीन में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले एएचएफ महिला जूनियर हॉकी एशिया कप 2026 में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान होंगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने इस साल के शुरू में नए कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में महिला जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए गहन तैयारी की है। महिला जूनियर हॉकी एशिया कप की तैयारी के लिए भारतीय जूनियर टीम हाल ही में इंग्लैंड का दौरा किया और इसके बाद ही वहां तैयारी कर चीन में इसमें शिरकत करने जा रही है। इंग्लैंड के दौरे से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अहम अंतरराष्ट्रीय मैचों का अहम मिला और जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के लिए बहुत अहम बातें सीखने को मिलीं। जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में एशिया की प्रमुख जूनियर टीमों के खिलाफ खेलने भारत की जूनियर खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी की अगली पीढ़ी को तैयार करने का अहम टूर्नामेंट है। मैचों का कार्यक्रम और इसके पूल की घोषणा जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के शुरू होने से पहले की जाएगी।

**खुद को एशिया की जू सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आंकने का मौका : व्हाइट**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच टिम व्हाइट ने कहा, 'जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय जूनियर टीम में स्थान पाने के लिए दिखाई प्रतिबद्धता और जीवट पर मुझे गर्व है। बीते कुछ महीनों से भारत की इन जूनियर खिलाड़ियों में अपने खेल को हर तरह बेहतर करने के लिए शिद्दत से मेहनत की है। मैंने इस दौरान इन खिलाड़ियों को बतौर टीम और खिलाड़ी विकसित होते देखा है। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम की खिलाड़ी इस मौके को पूरी तरह भुनाते हुए अपने सपनों को साकार करें। जूनियर महिला हॉकी एशिया कप हमारे लिए अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने की यात्रा में खुद को एशिया की जूनियर सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आंकने का अहम मौका है। मुझे अपनी टीम की खिलाड़ियों की प्रतिभा और जीवट पर पूरा भरोसा है। हमारी टीम हर मैच में पूरे विश्वास और अनुशासन के साथ खेलने उतर कर भारत का गौरव बढ़ाएंगे।

**भारत की एएचएफ जूनियर महिला हॉकी एशिया कप 2026 के लिए टीम**

**गोलरक्षक :** निधि, इंजिल हर्षा रानी मिंज

**रक्षापंक्ति :** पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पर्वती टोपनो, मधु।

**मध्य पंक्ति :** खाइदम शिलिमा चानू (कप्तान), तनुजा टोपो, बिनिमा धन, रोशनी ऐंद, गीता यादव

**अग्रिम पंक्ति :** ललरिनपूई, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका चंद्रकांत माणे, मधु सिदर

**वैकल्पिक खिलाड़ी :** एफ ललबियाकसियामी, तनुश्री दिनेश काडू।

### अंडर-20 एथलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप

# कंबोज ने विमेंस डिस्कस थ्रो के फाइनल में जगह बनाई



अमानत दुनिया की बेहतरीन अंडर-20 थ्रोअर्स में छठे स्थान पर रहीं

**यूजीन,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय थ्रोअर अमानत कंबोज ने गुरुवार को इस सीजन का अपना सबसे अच्छा थ्रो करते हुए अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं के डिस्कस थ्रो फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मई 2026 में 52.24 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ एशियन अंडर-20 का गोल्ड मेडल जीतने वालीं अमानत ने क्वालिफिकेशन राउंड में 52.58 मीटर का थ्रो किया, जिसके साथ अमानत दुनिया की बेहतरीन अंडर-20 थ्रोअर्स में छठे स्थान पर रहीं। महिलाओं का डिस्कस थ्रो फाइनल शनिवार को होगा। अमानत जैवलिन थ्रो फाइनल में जगह बनाने वालीं तीसरी भारतीय हैं। उनसे पहले आशीष यादव और टी. धरणीधरन पुरुषों के जैवलिन थ्रो फाइनल में जगह बना चुके हैं। आशीष ने 69.87 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ अपने ग्रुप में टॉप किया, जबकि धरणीधरन ने 68.07 मीटर का थ्रो करते हुए अपने ग्रुप से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुल मिलाकर, आशीष क्वालिफिकेशन में दूसरे, जबकि धरणीधरन 12वें पायदान पर रहे। साउथ अफ्रीका के अंडर-20 जैवलिन चैंपियन जान-हेंड्रिक हेमैंस ने यूजीन में शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले ही थ्रो में 76.02 मीटर के साथ ऑटोमैटिक क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया। हेमैंस के पीछे, तीन एथलीट्स ने 69 मीटर से ज्यादा का थ्रो किया, जिनमें भारत के आशीष, पोलैंड के अलेक्जेंडर वोज्ना (69.80 मीटर) और चीन के यांग झाओयी (69.80 मीटर) शामिल हैं। ऐसे में फाइनल में कड़े मुकाबले की उम्मीद है। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में, मोगली वेंकटराम ने अपनी हीट में 1:52.81 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि उविन आनंद ने 1:52.37 का बेहतर समय निकाला।

# वैभव बनाएंगे टी-20 में वर्ल्ड रिकॉर्ड : बटलर



वैभव ने पिछले एक साल में अपने बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ते हुए इस बड़ी उपलब्धि को अपने नाम किया। हालांकि, बटलर ने भारत के 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। बटलर का कहना है कि टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का उनका रिकॉर्ड भविष्य में वैभव सूर्यवंशी तोड़ सकते हैं। 'स्टार स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत करते हुए बटलर ने कहा, 'यह सोचना वाकई बहुत कूल है कि आपने सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाए हैं। एक दिन कोई इसे पार कर जाएगा, और उसका नाम शायद वैभव सूर्यवंशी होगा।' वैभव ने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया है। वैभव इंग्लैंड के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वैभव ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से जमकर धमाल मचाया। उन्होंने पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में सिर्फ 18 गेंदों में अर्द्धशतक लगाया था।

### भारत-श्रीलंका के टेस्ट सीरीज

# हमें मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहना होगा : गंभीर



सीरीज से पहले आज भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी

**कोलंबो,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हर चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने की सलाह दी है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होना है। इससे पहले, भारतीय टीम श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में हिस्सा लेगी, जिसकी शुरुआत 7 अगस्त से होनी है। पहले टेस्ट की मेजबानी गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम करेगा, जबकि दूसरा टेस्ट मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो का सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान करेगा। गंभीर ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए वीडियो में कहा, 'दोस्तों, हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या है। हम जानते हैं कि हम किसके लिए खेल रहे हैं। हम जोर लगा सकते हैं, हम अपनी सीमा को पार कर सकते हैं, हम सभी चीजों को पूरा कर सकते हैं। 15 तारीख की सुबह, चाहे हम पहले बैटिंग कर रहे हों, या पहले गेंदबाजी कर रहे हों, हमें हर सवाल और हर जवाब के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए पक्का करें कि हम अभी से सभी चीजों को पूरा करें।' भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में मौजूदा रैंकिंग में 48.15 के जीत प्रतिशत के साथ पांचवे नंबर पर मौजूद है। वहीं, श्रीलंका 41.67 के जीत प्रतिशत के साथ छठे नंबर पर काबिज है। गंभीर ने नए खिलाड़ियों, ऑफ-स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का टेस्ट सेटअप में आधिकारिक तौर पर स्वागत किया। इसके साथ ही हेड कोच ने नए नियुक्त फील्डिंग कोच, सुभादीप घोष का भी स्वागत किया।

### श्रीलंका में जडेजा का अनुभव बहुत काम आएगा: दीप

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता का मानना है कि अनुभवी रवींद्र जडेजा का स्पिन के लिए मददगार पिचों पर गेंदबाजी करने का लंबा अनुभव श्रीलंका में होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में टीम के लिए बेहद अहम होगा। मौजूदा टीम में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार श्रीलंका के टेस्ट दौरे पर आए हैं, जबकि जडेजा और केएल राहुल के पास ही श्रीलंका में टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव मौजूद है। राहुल 2015 और 2017 में श्रीलंका दौरे पर आई भारतीय टीम का हिस्सा थे। वहीं, जडेजा साल 2017 में 3-0 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए दासगुप्ता ने कहा, 'अगर अनुभव की बात करें, तो कई खिलाड़ियों के लिए श्रीलंका में यह पहली टेस्ट सीरीज है। मुझे लगता है कि जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले यहां खेला है। स्पिन के लिए मददगार पिचों पर भी ऐसा नहीं है कि आप आएं और गेंद को हिट करें और आपको विकेट मिल जाए।

# टैलोन ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया

## टैलोन ने पिछले आठ टूर लेवल मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल की थी



कैनेडियन ओपन



■ इस जीत को उनके करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जा रहा है

मॉन्ट्रियल, 6 अगस्त (एजेंसियांस)। नीदरलैंड्स के टेनिस खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपोर ने कैनेडियन ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(3), 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत को उनके करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जा रहा है। टैलोन ग्रीक्सपोर ने पिछले आठ टूर लेवल मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल की थी। ग्रीक्सपोर 2022 में निक किर्गियोस द्वारा डेनियल मेदवेदेव को हराने के बाद कैनेडियन ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। जेवरेव के खिलाफ 2-9 के रिकॉर्ड के बावजूद, ग्रीक्सपोर ने हाल के वर्षों में उन्हें कड़ी टक्कर दी है। 2025 में दोनों के बीच हुए मैराथन मैच बराबरी के रहे थे। वहीं, 2024 के फ्रेंच ओपन में पांचवें सेट में ग्रीक्सपूर के पास 2 ब्रेक की बढ़त थी, लेकिन वो उसे बरकरार रखने में सफल नहीं रह सके थे और मैच हार गए थे। ग्रीक्सपूर की सर्व उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है और उसे ब्रेक करना काफी मुश्किल रहता है। जेवरेव के खिलाफ हुए मुकाबले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। साल 2023 में अपने करियर की बेस्ट 21वीं रैंकिंग तक पहुंचने वाले ग्रीक्सपूर ने मुकाबले में शानदार वापसी की। पहले सेट के टाईब्रेकर से पहले ग्रीक्सपूर के पास एक सेट प्वाइंट था, लेकिन वह डिफेंसिव खेलने के चक्कर में अपनी बढ़त गंवा बैठे और उनका एक बैकहैंड शॉट मिस हो गया। ग्रीक्सपूर ने शानदार खेल जारी रखा। तीसरे सेट में एक लंबी रैली के बाद उन्होंने इनसाइड-आउट फोरहैंड लगाकर 3-2 से सर्विस ब्रेक की। ज्वेरेव 2-4 और 0-30 से पीछे चल रहे थे, लेकिन वह अहम मौकों का फायदा उठाने के साथ खुद को मैच में बनाए रखने में सफल रहे। अगले गेम में ग्रीक्सपूर को पहला ब्रेक प्वाइंट मिला। जब ज्वेरेव ने लाइन के किनारे बैकहैंड मारा, जो बाहर चला गया और ग्रीक्सपूर उनकी सर्विस तोड़ने में कामयाब रहे। इसके बाद ग्रीक्सपूर ने एक फोरहैंड शॉट खेलते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। ज्वेरेव ने 20 विनर्स बनाए, जबकि ग्रीक्सपोर ने नेट पर 18 में से 17 सही शॉट मारे।

# विजेंदर को देखकर शुरू की मुक्केबाजी: साक्षी

> साक्षी चौधरी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीता

**भिवानी,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का जलवा रहा। खासतौर पर महिला मुक्केबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में 5 गोल्ड मेडल डाले। इन महिला मुक्केबाजों में साक्षी चौधरी का भी नाम शुमार रहा, जिन्होंने 51 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड जीता। हरियाणा के भिवानी स्थित अपने घर पहुंचने पर साक्षी का भव्य स्वागत हुआ। साक्षी ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि उनके परिजन भारी तादाद में पहुंचकर उनके मेडल जीतने के जश्न मनाने पहुंचे हैं। साक्षी ने कहा कि वह अपना गोल्ड मेडल सभी देशवासियों को समर्पित करना चाहेंगी, क्योंकि वह ग्लासगो में पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। साक्षी के अनुसार, उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए रवाना होने से पहले अपने माता-पिता से वादा किया था कि वह गोल्ड जीतकर वापस आएंगी और वह ऐसा करने में सफल रहीं। उन्होंने कहा कि अपना वादा पूरा करने की उन्हें काफी खुशी है। साक्षी ने ग्लासगो में उनकी वजह से पोडियम पर भारत का राष्ट्रगान चलने को सबसे खास पल बताया। उन्होंने कहा, 'सबसे गर्व का पल वह था जब राष्ट्रगान बजाया गया और तिरंगा फहराया गया। अपनी उपलब्धि की वजह से विदेश में राष्ट्रगान सुनना एक सपना सच होने जैसा था। हम अपने देश के लिए बहुत मेहनत करते हैं और भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना बहुत गर्व की बात है।' साक्षी ने बताया कि उन्होंने मुक्केबाजी की शुरुआत विजेंदर सिंह को देखकर की थी।

## सार संक्षेप

### जम्मू- कश्मीर के लिए अगला घरेलू सीजन खेलेंगे बृजेश

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा घरेलू क्रिकेट का अगला सीजन (2026-27) अपने गृह राज्य जम्मू और कश्मीर की तरफ से खेलेंगे। बृजेश जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले के माडा शहर के रहने वाले हैं। बृजेश शर्मा आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेलते हुए चर्चा में आए थे। आईपीएल नीलामी के लिए बृजेश ने खुद को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के खिलाड़ी के तौर पर पंजीकृत किया था। जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) के विश्वसनीय सूत्र ने गुरुवार को एजेंसी को बताया, 'हां, बृजेश शर्मा रणजी ट्रॉफी के लिए जम्मू और कश्मीर टीम से जुड़ गए हैं। वह तैयारी कैंप के लिए टीम के साथ हैं। बृजेश का नाम जम्मू-कश्मीर के उन खिलाड़ियों की लिस्ट में था जो 10 से 17 अगस्त तक श्रीनगर के एसके स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगे। बृजेश ने जम्मू-कश्मीर की एज-ग्रुप टीमों के लिए खेला, फिर दिल्ली जाकर कोच दीपक पुनिया से ट्रेनिंग ली। उन्होंने 2025 बंगाल प्रो टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन के दम पर अपना आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया।

### यूरोपीय फुटबॉल लीगों के संघ ने फीफा में सुधार की मांग की

**रबात (मोरक्को)।** यूरोपीय फुटबॉल लीगों के संघ ने आगामी विश्वकप में टीम की संख्या 64 के विस्तार करने संभावनाओं की आलोचना करते हुए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के प्रशासन में सुधार की मांग की है। फुटबॉल संघ ने बुधवार को कहा, 'अब पहले से कहीं अधिक, फीफा को ऐसे शासन सुधार की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करे कि सभी संबंधित हितधारकों की हमारे खेल के भविष्य को आकार देने वाले निर्णयों में औपचारिक भूमिका हो।' अपने बयान में यूरोपीय लीगों ने विश्व कप को 64 टीमों तक विस्तारित करने की संभावना की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, 'फीफा को एकतरफा रूप से विघटनकारी निर्णय लेना जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सुधार नहीं होता, तब तक यह फीफा प्रतियोगिताओं के 'विस्तार या सृजन' को अस्वीकार करेगा।'पुर्तगाल और रियल मैड्रिड के महान खिलाड़ी लुइस फिगो ने भी इन्फेंटिनो से पद छोड़ने की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने 'पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

### वेस्ट हैम यूनाइटेड ने किया जोएल के साथ किया एक साल का करार

**लंदन।** वेस्ट हैम यूनाइटेड ने अनुभवी डच डिफेंडर जोएल वेल्टमैन के साथ एक साल का करार किया है, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प भी है। ईस्ट लंदन का यह क्लब खराब प्रदर्शन के कारण पिछले सीजन में प्रीमियर लीग से बाहर हो गया था और अब वापसी करना चाहता है। अनुभवी लीडर जोएल वेल्टमैन ने अजाक्स और ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए टॉप लेवल पर 450 से ज्यादा मैच खेले हैं, जिनमें यूरोपियन प्रतियोगिताओं में 50 से ज्यादा और प्रीमियर लीग में 165 मैच शामिल हैं। वेल्टमैन ने दोनों क्लबों के लिए कप्तानी भी की है। जोएल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावित करते हुए अपनी नेशनल टीम, नीदरलैंड्स का 28 मुकाबलों में प्रतिनिधित्व किया है। वेल्टमैन ने साल 2014 में अपने देश को फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचाने में मदद की और यूईएफए यूरो 2020 में भी खेले। हैम यूनाइटेड से जुड़ने पर वेल्टमैन ने कहा, 'मैं इस कॉन्ट्रैक्ट से बहुत खुश हूं और काम शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यहां का प्रोजेक्ट मुझे सच में उत्साहित करता है। मैंने नूनो के साथ-साथ अपने परिवार और एजेंट से बात की, और सब कुछ सही लगा। हम जानते हैं कि वेस्ट हैम को प्रीमियर लीग में होना चाहिए, और निश्चित रूप से इस सीजन के लिए हमारा यही लक्ष्य है।

# सार समाचार

## इक़रा पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** तहसील विधिक सेवा समिति, सिरोंज द्वारा बुधवार को इक़रा पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान, विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, न्याय व्यवस्था तथा कानून के महत्व की जानकारी देते हुए जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा, नैतिक मूल्यों और निरंतर प्रयास के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी तथा न्यायिक सेवाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर के अवसरों पर भी उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में पैरालीगल वालंटियर अहद पठान ने राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आवश्यकता पड़ने पर इन विधिक सेवाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विधिक विषयों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

## सांदीपनि विद्यालय में सर्पदंश एवं आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड विभाग के सहयोग से सर्पदंश एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जहरीले और विषहीन सांपों की पहचान, सर्पदंश होने पर प्राथमिक उपचार, क्या करें और क्या न करें तथा समय पर अस्पताल पहुंचने के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही जागरूकता पुस्तिकाएं वितरित कर अंधविश्वास छोड़ वैज्ञानिक उपचार अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में आग लगने और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। बिना लाइफ जैकेट प्लास्टिक की बोतलों की सहायता से अस्थायी तैराकी उपकरण तैयार करने का प्रदर्शन किया गया तथा सीपीआर के माध्यम से आपात स्थिति में जीवन बचाने की प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आपदा के समय सतर्कता, सही निर्णय और त्वरित बचाव के महत्व से अवगत कराते हुए स्वयं सुरक्षित रहने और दूसरों की सहायता के लिए प्रेरित किया ।यदि चाहें तो इसे दैनिक भास्कर या पत्रिका शैली में और अधिक संक्षिप्त भी किया जा सकता है।

## इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिवस, गरीबों को भोजन कर मनाया

**सिरोंज, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस पर ब्लॉक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सिरोंज द्वारा सहयोग संस्था में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराकर सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष जुनेद खान के नेतृत्व में हुआ। वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खान ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव विनोद सेन, जिला कांग्रेस सचिव सादिक कुरैशी, ओसफ हुसैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सेफू, पूर्व पार्षद भय्यंन भाई, पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इमरान प्रतापगढ़ी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

### समीक्षा बैठक में सामने आए लंबित प्रकरणों का निराकरण, विशेष प्रकरण मानकर दी गई स्वीकृति

# कलेक्टर की पहल से 726 बालिकाओं को मिला लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ

**विदिशा, देशबन्धु।** विदिशा जिले में बालिकाओं के शिक्षा, सशक्तिकरण एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना की समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि पूर्व वर्षों के अनेक पात्र प्रकरण विभिन्न कारणों से स्वीकृत नहीं हो पाए थे। कलेक्टर गुप्ता ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ऐसे लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा कराई और 1 वर्ष से 13 वर्ष तक की 726 पात्र बालिकाओं के प्रकरणों को विशेष प्रकरण मानते हुए स्वीकृति प्रदान की।



इस निर्णय से अब ये सभी बालिकाएं शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के समस्त लाभ प्राप्त कर सकेंगी। स्वीकृत बालिकाओं को 1.43 लाख का आश्वासन प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

योजना के प्रावधानों के अनुसार बालिकाओं को कक्षा 6वीं में प्रवेश पर 2,000, कक्षा 9वीं में 4,000, कक्षा 11वीं में 6,000 तथा कक्षा 12वीं में 6,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कॉलेज के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने पर 12,500 रू. तथा स्नातक के अंतिम वर्ष में प्रवेश पर पुन: 12,500 रू. की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, जब बालिका 21 वर्ष की आयु पूर्ण करेगी, निर्धारित आयु से पूर्व विवाह नहीं करेगी तथा कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने की निर्धारित शर्त पूरी करेगी, तब उसे 1,00,000 (एक लाख रुपये) की अंतिम प्रोत्साहन राशि सीधे उसके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि जिले की कोई भी पात्र बालिका योजना के लाभ से वंचित न रहे। समीक्षा बैठक में सामने आए लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 726 पात्र बालिकाओं को योजना में शामिल किया गया है। यह निर्णय बालिकाओं की शिक्षा, आर्थिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन भविष्य में भी यह सुनिश्चित करेगा कि जिले की प्रत्येक पात्र बालिका को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

## नाबालिग अपहरण मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**सिरोंज, देशबन्धु।** थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं पॉक्सो प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



पुलिस के अनुसार 28 जुलाई 2026 की रात नाबालिग बालिका के परिजनों ने थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 105/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पीड़िता के कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर धारा 64(1) बीएनएस तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 भी प्रकरण में जोड़ी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा एसडीओपी सोनू डाबर के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से पहले नाबालिग बालिका को सिरोंज क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया था।

इसके बाद लगातार फरार चल रहे आरोपी सूरज उर्फ भूरा (29 वर्ष), निवासी ग्राम नारायणपुर, थाना सिरोंज को पुलिस ने 5 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक दयाराम, प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, आरक्षक अमित खेमरिया, आरक्षक देवेंद्र एवं आरक्षक राजू प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिना लाइसेंस मांस बिक्री पर भी कार्रवाई, अतिक्रमण हटाया गया

# तात्या टोपे बस स्टैंड पर नगर पालिका का छापा, 12 दुकानदारों के चालान



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद ने बुधवार को तात्या टोपे बस स्टैंड क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता को लेकर औचक निरीक्षण अभियान चलाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू और स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में नाश्ता एवं मिठाई की दुकानों सहित बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 12 दुकानदारों के चालान बनाए गए तथा बस स्टैंड क्षेत्र से अतिक्रमण भी हटाया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को प्रिंटेड कागज में खाद्य सामग्री परोसने पर रोक लगाते हुए केवल फूड-ग्रेड सिल्वर-कोटेड पेपर का उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही दुकान और आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री बेचने की हिदायत दी गई। कार्रवाई के दौरान बिना लाइसेंस संचालित दो मांस विक्रेताओं के विरुद्ध भी कार्रवाई कर आवश्यक लाइसेंस मिलने तक दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्राचार्य द्वारा स्टाफ के अन्य शिक्षकों को दायित्व नहीं सौंपे गये

# पीएम श्री स्कूल का वीईओ ने किया औचक निरीक्षण, मिली अनियमितताएं



**सिरोंज, देशबन्धु।** बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतीक मेहरा द्वारा शासकीय हाई स्कूल पीएम श्री बरेज का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में कई अनियमितताएं पाई गई। मिली जानकारी अनुसार शाला में मध्यान्ह भोजन मेनू अनुसार नहीं पाया गया,जबकि प्राचार्य मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था स्वयं देखते हैं विद्यालय के शौचालयों की साफ सफाई नहीं होने के कारण शौचालय में गंदगी पायी गयी शौचालय में पानी की व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं पायी गयी प्राचार्य द्वारा स्टाफ के अन्य शिक्षकों को दायित्व नहीं सौंपे गये शाला का लेखा रिकार्ड नहीं पाया गया भोजन करने वाले छात्र 65 मिले जिन्होंने भोजन किया छात्रों की उपस्थिति बहुत कम पायी गयी शाला में छात्र छात्राओं की उपस्थिति भी संतोषजनक नहीं पायी गयी विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक के 152 बच्चे दर्ज हैं लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच करने पर 73 बच्चे ही उपस्थित पाए गए एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं की संख्या 169 है जिनमें से कुल 45 बच्चे ही उपस्थित पाए गए वी ई ओ ने प्राचार्य को निर्देशित किया की जो कमियां पायी गयीं है उनकी पूर्ति करें रिकार्ड सहित कार्यालय में उपस्थित हों

### इनका कहना है-

निरीक्षण में अनियमितताएं मिली हैं कारण बताओ नोटिस जारी करेंगे

**-प्रतीक मेहरा बीईओ सिरोंज**

### फसलों को मिला जीवनदान, कीट प्रकोप से मिलेगी राहत

# मानसून की जोरदार वापसी से खेतों में लौटी जान, किसानों की जगी उम्मीदें

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** आखिरकार कई दिनों के लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को मानसून ने क्षेत्र में दमदार वापसी की। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश देर रात तक जारी रही। अच्छी बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं खरीफ फसलों को नई संजीवनी मिलने से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण खेतों की मिट्टी सूखने लगी थी और किसान फसलों को लेकर गहरी चिंता में थे।





क्षेत्र में खरीफ सीजन की प्रमुख फसल सोयाबीन और उड़द इस समय बढ़वार के महत्वपूर्ण दौर में है। ऐसे समय बारिश का रुक जाना किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया था। लगातार तेज धूप और उमस के कारण खेतों में नमी समाप्त होने लगी थी। इसका सीधा असर फसलों की वृद्धि पर पड़ रहा था। कई स्थानों पर पौधों की पत्तियां पीली पडने़ लगी थीं, जबकि बड़ी संख्या में खेतों में इल्ली एवं अन्य कीट-पतंगों का प्रकोप बढ़ गया था। इल्लियां पत्तियों को तेजी से नुकसान पहुंचा रही थीं, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी।

बारिश के बाद अब किसान फसलों में कीटनाशक दवाओं के छिडक़ाव की तैयारी कर रहे हैं। पर्याप्त नमी होने से दवाओं का प्रभाव बेहतर रहेगा और इल्ली व अन्य कीटों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। किसानों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक मानसून की गतिविधियां बनी रहीं तो फसलों की बढ़वार तेजी से होगी और उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

फूफैर गांव के किसान तेजप्रताप सिंह राजपूत ने बताया कि पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसान बेहद चिंतित थे। खेतों में नमी खत्म हो रही थी और फसलों में कीट लगने लगे थे। गुरुवार को हुई जोरदार बारिश ने किसानों की चिंता दूर कर दी है। अब फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी और कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव भी प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

किसान सौरभ कुशवाह कहना है कि यह बारिश खरीफ सीजन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। समय पर हुई वर्षा से फसलों की बढ़वार में तेजी आएगी, खेतों में हरियाली बढ़ेगी और अच्छी पैदावार की उम्मीद भी मजबूत हुई है। यदि आने वाले दिनों में भी मानसून इसी तरह सक्रिय रहा तो इस वर्ष किसानों को बेहतर उत्पादन और अच्छी आय मिलने की संभावना है। बारिश के बाद गांवों से लेकर शहर तक मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों ने भी गर्मी व उमस से राहत महसूस की।

### इल्लियां फसलों को पहुंचा रही नुकसान

गुरुवार शाम अचानक मौसम बदला और काले बादलों ने पूरे क्षेत्र को अपनी आगोश में ले लिया। कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई, जो रुक-रुककर देर रात तक होती रही। बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची और सूखती फसलों को नया जीवन मिला। किसानों ने इसे खरीफ सीजन के लिए सबसे राहत भरी बारिश बताया।

## रक्षाबंधन से पहले बस किराया बढ़ा, यात्रियों में आक्रोश

**सिरोंज, देशबन्धु।** रक्षाबंधन से पहले बस किराए में हुई भारी बढ़ोतरी ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। परिवहन विभाग की नई दरें लागू होने के बाद बुधवार को बस स्टैंड पर दिनभर यात्रियों और बस स्टाफ के बीच किराए को लेकर बहस होती रही। महंगाई की मार पहले से झेल रहे लोगों का कहना है कि अब रोजमर्रा का सफर भी महंगा हो गया है। नई दरों के अनुसार बस किराया 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। इसका सीधा असर लंबी दूरी के यात्रियों पर पड़ा है। सिरोंज से भोपाल का किराया 150 रुपये से बढ़कर 220 रुपये और सिरोंज से गंजबासौदा का किराया 60 रुपये से बढ़कर 80 रुपये हो गया। अचानक बढ़े किराए से कई यात्री असमंजस में पड़ गए, जबकि कुछ लोगों ने अधिक किराया देने से इनकार कर बीच रास्ते में ही यात्रा छोड़ दी।




## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत उमा यश अकादमी में हुआ पौधारोपण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय उमा यश अकादमी स्कूल में गुरुवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो रहे। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर अभियान को गति प्रदान करते हुए विद्यार्थियों एवं नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विद्यालय पहुंचने पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के डायरेक्टर ब्रजेश रघुवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती पूजा दांगी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर थाना निरीक्षक संजय वैदिया, यूथ आइकन अभिषेक सुमन, अंशुल पाराशर एवं अनुभव कटारे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रियंक कानूनगो ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा, अतिक्रमण हटाने और यातायात सुधार पर जोर

**विदिशा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर द्वारा गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। इस बैठक में पूर्व बैठकों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा के लिए समन्वय के साथ कार्य करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु निर्धारित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।



बैठक की शुरुआत 11 जून एवं 20 जुलाई 2026 को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण की समीक्षा से हुई। इसके बाद विदिशा नगरीय क्षेत्र में नवीन पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों के शीघ्र मरम्मत कार्य, जिला न्यायालय के सामने एवं शहर के प्रमुख चौराहों पर रंबल स्ट्रिप, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड एवं कॉशन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका ने जानकारी दी कि अधिकांश स्थानों पर सड़क मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा शेष स्थानों पर भी शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाएगा। सभी स्थानों पर सीआरएम डालने का कार्य पूरा हो चुका है बैठक में बताया गया कि पूर्व बैठक में निजी स्कूलों से संबद्ध बसों एवं ऑटो में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके पालन में यातायात पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप जाली एवं गेट लगाने के लिए लगातार समझाइश दी जा रही है। वाहन जांच अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था नहीं पाए जाने पर 55 ऑटो चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 27,500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया।

नगर पालिका एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सड़क पर अवैध रूप से खड़े हाथ ठेलों तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। नगर पालिका ने बताया कि पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाते हुए 1 लाख 97 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त सड़क किनारे एवं बीच सड़क पर ठेले और गुमठियां लगाकर व्यापार करने वालों के विरुद्ध विगत बैठक से अब तक लगभग 350 प्रकरण दर्ज कर करीब 2 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। बैठक में कुरवाई से महलुआ चौराहा मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की रोकथाम के लिए एनएचएआई को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संकीर्ण पुलियों से 500 मीटर एवं 100 मीटर पहले चेतावनी संकेतक लगाने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर पूर्व दुर्घटनाओं का चित्रण करने वाले बड़े फ्लेक्स लगाने तथा सभी निर्माण एजेंसियों को आवश्यक संकेतक स्थापित करने के निर्देश दिए गए। स्पीड ब्रेकर मानकों के अनुरूप बनाए जाने एवं एनएचएआई के सभी निर्माण कार्यों में उचित डायवर्सन और संकेतकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

**हाईमास्ट लाइट और ऑटो स्टैंड चिन्हांकन** - पूर्व में चिन्हित स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परिषद की स्वीकृति मिलने के बाद प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित स्थानों, विशेष रूप से कुआंखेड़ी चौराहे पर हाईमास्ट लाइट स्थापित की जाएगी।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### कौड़िया हाईस्कूल में विद्यार्थियों को मिलीं निःशुल्क साइकिलें

**बैतूल, देशबन्धु।** शासकीय हाईस्कूल कौड़िया में गुरुवार को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शासन की योजना के तहत पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके और उनकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल महामंत्री सतीश मालवीय थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रत्याशी रंगीलाल मेश्राम, सरपंच सुनील उईके, उप सरपंच रामदास सलामे, संतुलाल मर्सकोले, दिनेश बड़ोदे, लतीप मसराम, किशोर दहीकर, दिनेश सलामे, राजू मालवीय एवं भोपू लिखितकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की साइकिल वितरण योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी है। इससे छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और वे नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य दसन मर्सकोले ने योजना की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इसका सदुपयोग करने और नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक श्यामलाल उईके, रमेश सलामे, राजेश पंती, गितेश्वर हरसुले, भूपेंद्र अडलक, आसु डांगे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मांडवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नए एलोपैथिक डॉक्टर की पदस्थापना

**आठनेर, देशबन्धु।** मांडवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शासन द्वारा नए एलोपैथिक चिकित्सक की पदस्थापना की गई है। इससे मांडवी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। नए चिकित्सक ने क्षेत्र में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपना निवास भी मांडवी में बनाया है, जिससे आपातकालीन स्थिति में भी मरीजों को 24 घंटे चिकित्सा सुविधा मिल सके।

#### 15 वर्षों से सेवाएं दे रहीं झरबड़े

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुर्वेद महिला चिकित्सक डॉ. रंजीता झरबड़े पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से अपनी सेवाएं दे रही हैं और विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं, मांडवी आयुर्वेदिक अस्पताल में करीब एक वर्ष पूर्व डॉ. अतुल राय की आयुर्वेद विशेषज्ञ के रूप में पदस्थापना हुई थी। मांडवी में एलोपैथिक और आयुर्वेदिक दोनों अस्पताल एक ही परिसर में संचालित होने से मरीजों को एक ही स्थान पर दोनों चिकित्सा पद्धतियों की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, एएनएम और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य कर्मियों की भी पदस्थापना है। स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद यहां प्रसूति (डिलीवरी) सेवाएं भी नियमित रूप से शुरू की जा सकेंगी।

### आसपा ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का किया विरोध

**बैतूल, देशबन्धु।** सदर स्थित डॉन बॉस्को स्कूल के पास छोटे दुकानदारों और गुमठी संचालकों के खिलाफ की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का आजाद समाज पार्टी (आसपा) ने विरोध किया है। पार्टी ने इसे गरीब विरोधी कार्रवाई बताते हुए आरोप लगाया कि यह मध्यप्रदेश शासन के वर्षाकाल संबंधी निर्देशों की अनदेखी करते हुए की गई। आसपा के जिला मीडिया प्रभारी ललित चौहान ने बताया कि 1 अगस्त को दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए और उसी दिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई। उनका कहना है कि प्रभावित दुकानदारों और गुमठी संचालकों को अपना सामान हटाने अथवा वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया।

#### अपर सचिव के निर्देश यह हैं

पार्टी का दावा है कि मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग के अपर सचिव द्वारा जारी वर्षाकालीन निर्देशों में उल्लेख है कि नजूल भूमि पर बने आवासीय अतिक्रमणों एवं व्यावसायिक गुमटियों को वर्षाकाल के दौरान तब तक नहीं हटाया जाए, जब तक संबंधित लोगों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं करा दिया जाता। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा यदि शासन के निर्देशों की अनदेखी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

---

*रिटायर्ड रेलवे अधिकारी के सूने मकान से नकदी और जेवर किए थे पार, 18 से 20 लाख के आभूषण बरामद*

## 20 लाख की चोरी का खुलासा, अंतरजिला गैंग के दो शातिर नकबजन गिरफ्तार





***आमला/ बैतूल, देशबन्धु।*** *आमला में रिटायर्ड रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर एवं रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी दम्मूलाल सूर्यवंशी के घर हुई करीब 20 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अंतरजिला गैंग के दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 18 से 20 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। वारदात में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।*

*पुलिस के अनुसार, 26 मई को दम्मूलाल सूर्यवंशी अपने परिवार के साथ कनाडा में नौकरी करने जा रहे बेटे को रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। इसी दौरान बदमाशों ने सूने मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और दो अलमारियों के लॉक तोड़कर करीब पांच लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के कीमती जेवर चोरी कर लिए। परिवार के लौटने पर घटना का पता चला, जिसके बाद आमला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।*

*जांच के दौरान घटनास्थल से फिंगर प्रिंट लिए गए और डॉग स्क्वॉड की सहायता भी ली गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने जितेंद्र उर्फ मंझले विश्वकर्मा और सुरेंद्र उर्फ विक्की ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।*

*आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सोने का हार, रानीहार, चार सोने के कंगन, दो मंगलसूत्र, कई सोने की चेन, झुमके, टॉप्स, चांदी के आभूषण तथा लक्ष्मीजी अंकित 10 चांदी के सिक्कों सहित करीब 18 से 20 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद किया।*

*पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी क्रमशः नरसिंहपुर और सिवनी जिले के निवासी हैं। उनके खिलाफ विभिन्न जिलों में चोरी, नकबजनी और लूट के कई मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।*

---

*पुणे के नेशनल मंच पर दिखेगा बैतूल का दम, महिमा और रुद्रांश से पदक की उम्मीद*

## स्टेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों तैराकों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन







***बैतूल, देशबन्धु।*** *बैतूल जिले के लिए गर्व की बात है कि जिले के दो होनहार तैराक महिमा यादव और रुद्रांश शुक्ला का चयन पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी 13 से 15 अगस्त तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश और बैतूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। नीमच में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के दम पर दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता का टिकट हासिल किया। महिमा यादव ने सीनियर वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया। खास बात यह है कि महिमा अब तक चार बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जो बैतूल जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं, रुद्रांश शुक्ला ने सब-जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। रुद्रांश ने ट्रायथलॉन स्पर्धा में नेशनल के लिए चयनित होने वाले बैतूल जिले के पहले खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया है। वे वर्तमान में आर.डी. पब्लिक स्कूल, बैतूल में कक्षा 10वीं के छात्र हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता के पीछे प्रशिक्षक रामबरन पाल और गोवर्धन यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोच गोवर्धन यादव अपनी टीम के साथ 12 अगस्त को पुणे के लिए रवाना होंगे, जहां 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महिमा और रुद्रांश की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी और उत्साह का माहौल है।*

---

भारत भारती के पास भोपाल-बैतूल हाईवे पर हादसा; वाहन जब्त, चालक हिरासत में, जांच जारी

## आरटीओ के वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो साथी घायल



**बैतूल, देशबन्धु।** भोपाल-बैतूल हाईवे पर भारत भारती के पास गुरुवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। हादसा आरटीओ में उपयोग किए जा रहे एक इनोवा वाहन और पल्सर बाइक की टक्कर से हुआ। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहरिया के अनुसार, दोपहर करीब 1:30 बजे आरटीओ में उपयोग किए जा रहे इनोवा वाहन ने पल्सर बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार तीनों युवक मरामझिरी से बैतूल लौट रहे थे। हादसे में हमलापुर निवासी 28 वर्षीय मुकेश पांसे की मौके पर मौत हो गई। वहीं, सुरेंद्र करचुले (25) और आकाश मदन (26) घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है और उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

**मजदूरी कर चलाता था परिवार :** मृतक मुकेश पांसे ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मां सगनी पांसे भी मजदूरी करती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है।

बड़ा भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वर्षों पहले घर छोड़ चुका है, जबकि बहन मंगला पांसे सेकंड ईयर की छात्रा है। घायल सुरेंद्र टाइल्स का काम करता है और आकाश भी हमलापुर का निवासी है।

**आरटीओ वाहन को लेकर जांच :** पुलिस के अनुसार, हादसे में शामिल इनोवा वाहन प्रवीण तिवारी के नाम पंजीकृत है, लेकिन उसका उपयोग आरटीओ के वाहन के रूप में किया जा रहा था। हादसे के समय आरटीओ अधिकारी अनुराग शुक्ला वाहन में मौजूद थे या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

**फोटो-वीडियो डिलीट कराने के आरोप :** घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि आरटीओ के कर्मचारियों ने मौके पर मौजूद कुछ लोगों के मोबाइल फोन से हादसे के फोटो और वीडियो डिलीट कराए। हालांकि पुलिस ने इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दावों की भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

---

## शिकायतों के बाद सारणी नगर पालिका की स्थापना शाखा से हटाए गए सतवंशी

- **प्रभारी सीएमओ हितेश शाक्य ने बदला प्रभार, कर्मचारियों ने उठाए थे कार्यप्रणाली पर सवाल**

**बैतूल/सारणी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सारणी में स्थापना शाखा प्रभारी रामस्वरूप सतवंशी को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उनके पद से हटाकर अन्य शाखा में भेज दिया गया है। यह कार्रवाई नगर पालिका के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हितेश शाक्य ने की है। बताया गया कि स्थापना शाखा से संबंधित कार्यों को लेकर कर्मचारियों और अन्य लोगों की ओर से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए प्रशासनिक व्यवस्था के तहत सतवंशी को महत्वपूर्ण स्थापना शाखा से हटाने का निर्णय लिया गया।

**सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हुई थी शिकायत :** हाल ही में वार्ड क्रमांक 5 शॉपिंग सेंटर निवासी शिवा चौरे ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उनके पिता किशोर चौरे, जो नगर पालिका में चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं, की सेवा पुस्तिका से जुड़े कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि सेवा पुस्तिका के सत्यापन के लिए उनसे पैसों की मांग की गई। मामले में संबंधित स्तर पर जांच की जा रही है।

**पुराने मामलों को लेकर भी उठे थे सवाल :** रामस्वरूप सतवंशी को लेकर पूर्व में भी कुछ मामलों में आरोप सामने आए थे। इनमें कर्मचारियों से जुड़े भुगतान और दस्तावेजी प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप शामिल थे। हालांकि इन मामलों में प्रशासन की ओर से किसी अंतिम जांच निष्कर्ष की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

#### इनका कहना है

स्थापना शाखा प्रभारी रामस्वरूप सतवंशी की बार-बार शिकायतें आ रही थीं, जिसके चलते उन्हें वर्तमान पद से हटाकर अन्य शाखा में कर दिया गया है।

**हितेश शाक्य,** प्रभारी सीएमओ,
नगर पालिका परिषद सारणी

---

## दो साल से अधूरा पड़ा नाली निर्माण, सीएम हेल्पलाइन की शिकायत मांग बताकर बंद

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर के विनोबा वार्ड क्रमांक 31 में नाली निर्माण का कार्य पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा होने का मामला सामने आया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि समस्या के समाधान के बजाय सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत को मांग की श्रेणी में डालकर बंद कर दिया गया, जबकि मौके पर निर्माण कार्य अब भी अधूरा है। वार्ड निवासी नवनीत साहू ने 12 मई को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि नाली निर्माण का कार्य बीच में छोड़ दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी समस्या को लेकर पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन समाधान नहीं हुआ।

शिकायत के बाद 3 जून 2026 तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 4 जून को संबंधित उपयंत्री ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि नाली निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शिकायतकर्ता केवल स्लैब डलवाने की मांग कर रहा है। इसी आधार पर शिकायत को मांग की श्रेणी में रखते हुए बंद करने की अनुशंसा कर दी गई।

हालांकि, 5 जून को शिकायतकर्ता नवनीत साहू ने इस रिपोर्ट पर आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि न तो नाली निर्माण पूरा हुआ है और न ही किसी अधिकारी ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने दावा किया कि मौके पर निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है और प्रस्तुत रिपोर्ट वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाती।

इसके बावजूद 8 जून 2026 को शिकायत का निराकरण करते हुए उसे 'मांग' की श्रेणी में बंद कर दिया गया।

वर्तमान में भी क्षेत्रवासियों का कहना है कि नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि वास्तविक समस्या के समाधान के बजाय कागजी रिपोर्ट के आधार पर शिकायत का निपटारा कर दिया गया। अब स्थानीय लोग मामले की निष्पक्ष जांच कर अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग कर रहे हैं।

---

8 प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच देकर 120 से अधिक लोगों से करीब 6 करोड़ रुपये निवेश कराने का आरोप

## अनुबंधित खेती के नाम पर करोड़ों की ठगी, एसपी से शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के नाम पर हर माह 8 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच देकर 120 से अधिक लोगों से करीब 6 करोड़ रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित निवेशकों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। मुख्य शिकायतकर्ता उमेश सोनी सहित 108 आवेदकों का आरोप है कि करनाल की एक कंपनी के पदाधिकारियों ने ग्राम बडोरा स्थित केंचुआ खाद परियोजना का निरीक्षण कराकर लोगों का विश्वास जीता और निवेश के लिए प्रेरित किया। शिकायत के अनुसार, कंपनी ने निवेश पर हर माह 8 प्रतिशत तक लाभ देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जमा पूंजी निवेश कर दी। पीड़ितों का कहना है कि शुरुआती कुछ महीनों तक उन्हें तय लाभ का भुगतान किया गया, लेकिन बाद में भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। इसके बाद कंपनी द्वारा दिए गए चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर बाउंस हो गए। शिकायत के साथ उमेश सोनी के नाम जारी 7.75 लाख रुपये के बाउंस चेक सहित अन्य दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे गए हैं। निवेशकों का आरोप है कि जब उन्होंने अपनी मूल निवेश राशि वापस मांगी, तो उन्हें दूसरी कंपनी में पुनः निवेश करने की सलाह दी गई। इसके बाद उन्हें अपने साथ धोखाधड़ी होने का संदेह हुआ। शिकायत में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उपभोक्ता आयोग के आदेश से चार गांवों के किसानों को मिलेगी फसल बीमा राशि

**बैतूल, देशबन्धु।** बैंकों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने के कारण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि से वंचित रहे किसानों को अब राहत मिलेगी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग बैतूल के आदेश के बाद चांदबेहड़ा, निरगुड, कान्हाखापा और जीन गांव के किसानों को फसल बीमा राशि का भुगतान किया जाएगा। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष/न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय और सदस्य चंद्रशेखर माकोड़े द्वारा दिया गया है। मामले में एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंक शाखाएं किसानों के लिए टर्मिनल सेवा केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। ऐसे में पात्र ऋणी किसानों और इच्छुक गैर ऋणी किसानों का बीमा कवरेज सुनिश्चित करना बैंकों की जिम्मेदारी है।

---

## गोवंश तस्करी के विरोध में प्रदर्शन, कड़ी कार्रवाई की मांग



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में सामने आ रहे गोवंश तस्करी के मामलों के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय हिंदू सेना ने प्रदर्शन किया। संगठन के युवा विभाग अध्यक्ष मनीष मालवीय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोठी बाजार स्थित शिवाजी चौक पर कथित गौ तस्करों का पुतला दहन कर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक बैतूल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बीजादेही थाना क्षेत्र में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, तस्करी में उपयोग किए गए वाहनों को राजसात करने, पूरे नेटवर्क का खुलासा करने और सभी संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई।

**बीजादेही प्रकरण का दिया हवाला :** जिला युवा सह सचिव युवराज नागले ने बताया कि 31 जुलाई की रात बीजादेही थाना पुलिस ने गोवंश तस्करी के आरोप में तीन वाहनों को जब्त किया था। इनमें पिकअप वाहन क्रमांक एमपी-05-जी-7044, एमपी-04-जी-8129 और टवेरा वाहन क्रमांक एमपी-13-बीए-4471 शामिल हैं।

**पुराने मामलों का हवाला देकर उठाए सवाल :** तहसील अध्यक्ष विक्रांत कनाठे ने आरोप लगाया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पहले भी गोवंश तस्करी से जुड़े मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व के प्रकरणों के बावजूद लगातार ऐसी घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि तस्करी में शामिल वाहनों पर कई बार कार्रवाई होने के बाद भी उन्हें राजसात नहीं किया गया, जिसके कारण तस्करी करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**पूरे नेटवर्क की जांच की मांग :** प्रखंड अध्यक्ष सोमेश सोनी ने मांग की कि तस्करी में उपयोग किए गए सभी वाहनों को तत्काल राजसात किया जाए और पूरे गिरोह की जांच कर सभी सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। तहसील संयोजक गितेश गीद ने कहा कि गोवंश तस्करी संगठित नेटवर्क के माध्यम से संचालित होने का आरोप है, इसलिए आरोपियों की कॉल डिटेल सहित अन्य माध्यमों से जांच कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाना चाहिए। ज्ञापन और प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश, जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगठन ने प्रशासन से गोवंश तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

---

*प्रभारी सीएमओ बोले- सुरक्षा के उद्देश्य से पूर्व अधिकारी के घर रखी गई है गाड़ी*

## सेवानिवृत्ति के बाद भी पूर्व सीएमओ के पास सरकारी वाहन शाक्य बोले- सुरक्षा को देखते हुए मेश्राम के घर रखवाया



***सारणी, देशबन्धु।*** *नगर पालिका परिषद सारणी के पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सी.के. मेश्राम के 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद भी उनके पास नगर पालिका का वाहन होने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है और सरकारी संसाधनों के उपयोग को लेकर विभिन्न तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं।*

*जानकारी के अनुसार, पूर्व सीएमओ के सेवानिवृत्त होने के बाद भी नगर पालिका का वाहन उनके निवास पर रखा हुआ है। इसे लेकर यह सवाल उठ रहे हैं कि वाहन का उपयोग किस उद्देश्य से किया जा रहा है और वर्तमान प्रशासनिक कार्यों के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित क्यों नहीं की गई।*

*कुछ कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान प्रभारी सीएमओ को वाहन उपलब्ध नहीं होने से प्रशासनिक कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक दस्तावेज या आदेश सार्वजनिक नहीं किया गया है।*

*मामले को लेकर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि वाहन पूर्व अधिकारी के पास रखा गया है, तो इसके संबंध में सक्षम स्तर से क्या अनुमति दी गई है और इसका रखरखाव एवं उपयोग किस नियम के तहत हो रहा है, इसे लेकर स्पष्टता नहीं है।*

*इस बीच प्रभारी सीएमओ हितेश शाक्य ने बताया कि नगर पालिका परिषद सारणी का वाहन सुरक्षा के उद्देश्य से पूर्व सीएमओ सी.के. मेश्राम के घर रखा गया है।*

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 3.43 प्रतिशत |
| भारतीय स्टेट बैंक | 3.02 प्रतिशत |
| भारत इलेक्ट्रॉनिक्स | 2.56 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.28 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.99 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.99 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.06 प्रतिशत |
| इंडिगो | 1.49 प्रतिशत |
| एमएंडएम | 1.41 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.15 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,44,780 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 2,23,723 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 96.34 | 93.27 |
| पौंड स्टर्लिंग | 130.17 | 125.58 |
| यूरो | 111.66 | 107.51 |
| चीन युआन | 14.99 | 13.27 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2862.70 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4293.58 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4986.64 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7798.23 |
| मसूर काली | 8109.74 |
| उड़द दाल | 10982.42 |
| मूंग दाल | 10178.50 |
| अरहर दाल | 11305.20 |

# [ अर्थ जगत ]

### फोनपे ने लॉन्च की एफडी डिस्ट्रीब्यूशन सेवा



**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। डिजिटल पेमेंट और फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने गुरुवार को अपने प्लेटफॉर्म पर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) डिस्ट्रीब्यूशन सेवा शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत यूजर्स अब ऐप के जरिए प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी (एनबीएफसी) की एफडी की तुलना कर सीधे निवेश कर सकेंगे। कंपनी ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ साझेदारी में एक नया डिजिटल माइक्रो-सेविंग्स प्रोडक्ट डेली रिकरिंग डिपॉजिट (डेली आरडी) भी लॉन्च किया है।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका महत्वपूर्ण खनिजों, फार्मास्यूटिकल्स व विनिर्माण क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करेंगे : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका ने जयपुर में आयोजित 'ब्रिक्स 2026 व्यापार मंत्रियों की बैठक' के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स), दवा उद्योग (फार्मास्यूटिकल्स) और विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

इस बैठक में दोनों देशों ने भारत-दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ (एसएसीयू) के बीच प्रस्तावित प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट (पीटीए) को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इस समझौते से जुड़े टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर करने और वार्ताओं को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक के इतर पीयूष गोयल ने दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स टाउ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा,



■ दोनों देशों ने की एसएसीयू के बीच प्रस्तावित पीटीए को आगे बढ़ाने पर चर्चा

'हमने भारत-एसएसीयू प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर हस्ताक्षर, वार्ताओं को जल्द पूरा करने, भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने तथा महत्वपूर्ण खनिज, फार्मास्यूटिकल्स और विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।

भारत इस समय स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों, उन्नत विनिर्माण और रणनीतिक उद्योगों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित और मजबूत आपूर्ति शृंखला (सप्लाई चेन) विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रहा है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के साथ सहयोग बढ़ाने को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स 2026 व्यापार मंत्रियों की बैठक में सदस्य देशों ने व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने, मजबूत वैल्यू चेन विकसित करने और टिकाऊ औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने पर चर्चा की।

## कोयला क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ाने के लिए सरकार उठा रही ठोस कदम: जी. किशन रेड्डी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को संसद सदस्यों की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वाणिज्यिक कोयला खनन (कमर्शियल कोल माइनिंग) में सुधारों और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोयला मंत्रालय निजी कंपनियों और उद्योग संगठनों के साथ लगातार संवाद कर रहा है। इसके लिए देश भर में रोडशो और विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि वाणिज्यिक कोयला खनन के बारे में अधिक जागरूकता पैदा हो और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ सके। जी. किशन रेड्डी ने समिति को बताया कि अब तक वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 14 दौर सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 15वें दौर की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी नीलामी प्रणाली ने भारत के कोयला क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाया है और इससे प्रतिस्पर्धा तथा निवेश को बढ़ावा मिला है। बैठक में कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों (कोल पीएसयू) के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## मुंबई में शुरू हुआ ब्रिक्स वेव्स बाजार 2026



**मुंबई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत मुंबई में गुरुवार से ब्रिक्स वेव्स बाजार 2026 का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के 500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य फिल्म, टेलीविजन, एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, संगीत और डिजिटल मीडिया समेत रचनात्मक उद्योगों में वैश्विक सहयोग, निवेश और कारोबारी अवसरों को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में महाराष्ट्र के इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, एआइ और संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने

■ रचनात्मक क्षेत्र में सहयोग व निवेश बढ़ाने पर जोर

कहा, ' ब्रिक्स वेव्स बाजार 2026 वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला मंच बन सकता है। भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तकनीकी नवाचार के दम पर वैश्विक क्रिएटिव इकोनॉमी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।' वहीं, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने कहा, ' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संस्कृति और रचनात्मकता को देशों के बीच संवाद और सहयोग का प्रभावी माध्यम मानते हैं।

## अडाणी इलेक्ट्रिसिटी ने वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए बांटे कपड़े

**मुंबई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। वंचित समुदायों की मदद करने के लिए, अडाणी इलेक्ट्रिसिटी के 2,500 से ज्यादा कर्मचारियों ने सोशल वेलफेयर पहल के तहत बड़ी मात्रा में कपड़े दान किए।

अडाणी इलेक्ट्रिसिटी ने अपने डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में रहने वाले जरूरतमंद समुदायों के लिए कर्मचारियों से कपड़े दान करने का अनुरोध किया था। इसके परिणामस्वरूप,अडाणी इलेक्ट्रिसिटी के 2,500 से अधिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी मात्रा में कपड़े दान किए। दान में प्राप्त वस्त्रों को अडाणी इलेक्ट्रिसिटी के वितरण क्षेत्रों के विभिन्न समुदायों और पाड़ों में विचारपूर्वक वितरित किया गया। यहां गोरेगांव स्थित आरे कॉलोनी के मोराचा पाड़ा के निवासी, अडाणी इलेक्ट्रिसिटी टीम से कपड़े प्राप्त करते हुए



दिखाई दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, मुंबई की अग्रणी बिजली वितरण कंपनी ने आपदा प्रबंधन तैयारियों को और मजबूत किया है। यह कदम मानसून सीजन के दौरान संभावित चुनौतियों और बिजली आपूर्ति में व्यवधान से अपने 3.2 मिलियन उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया है। मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने सेंट्रल डिजास्टर कंट्रोल सेंटर (सीडीसीसी) को सक्रिय कर दिया है।

## वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स करीब 374 अंक चढ़ गया।

सेंसेक्स 373.76 अंक (0.48 प्रतिशत) चढ़कर 78,954.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.35 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 प्रतिशत गिर गया। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। ऑटो, मीडिया, धातु और रियल्टी समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग और तेल एवं गैस समूहों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में




रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक करीब साढ़े तीन प्रतिशत ऊपर रहा। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर तीन फीसदी, बीईएल का ढाई फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सवा दो फीसदी से

■ सेंसेक्स 0.48 प्रतिशत चढ़कर 78,954.76 अंक पर रहा

■ निफ्टी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,636 अंक पर बंद

अधिक चढ़ा। इटरनल में करीब दो प्रतिशत और टाइटन में डेढ़ फीसदी की तेजी रही।

पावरग्रिड का शेयर चार प्रतिशत और टीसीएस का दो प्रतिशत लुढ़क गया। इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी एक से डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और अडानी पोर्टस के शेर भी नीचे रहे।

### सार संक्षेप

### फर्स्टसोर्स सॉल्यूशंस का मुनाफा अप्रैल-जून में घटा

**मुंबई।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप की आईटी कंपनी फर्स्टसोर्स सॉल्यूशंस ने गुरुवार को वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। अप्रैल-जून अवधि में कंपनी का मुनाफा तिमाही आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 166 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में 205 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 27 की जून तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय तिमाही आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़कर 2,725 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 26 की मार्च तिमाही में 2,583 करोड़ रुपए थी। कंपनी का परिचालन स्तर पर एबिट तिमाही आधार पर 45.2 प्रतिशत घटकर 337 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में कंपनी का ईबीआईटी मार्जिन 20 आधार अंक बढ़कर 12.4 प्रतिशत हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में 12.2 प्रतिशत था।

### वाहनों की खुदरा बिक्री ने बनाया जुलाई का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वाहनों की बिक्री में पिछले साल सितंबर में शुरू हुई तेजी पिछले महीने भी जारी रही और खुदरा बिक्री में हर श्रेणी में जुलाई का नया रिकॉर्ड बना। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में देश में कुल 25,91,138 वाहन बिके जो पिछले साल जुलाई के मुकाबले 25.89 प्रतिशत अधिक है। हालांकि यह संख्या इस साल जून के 25,95,262 की तुलना में मामूली गिरावट दिखाती है। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हर श्रेणी - यात्री वाहन, दुपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहन, ट्रैक्टर और निर्माण उपकरण - ने जुलाई की बिक्री का नया रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2014 से 151 महीनों में सबसे अधिक बिक्री के मामले में जुलाई 2026 में रहे जो बारहवें स्थान पर रहा है।

### एमएसएमई डिजिटल खरीद पर सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** एमएसएमई राज्य मंत्री तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने डिजिटल बाजार मंचों के जरिए छोटी मझोली इकाइयों की खरीद पर इंडिया एसएमई फोरम (आईएसएफ) की विस्तृत सर्वे रिपोट 'डिजिटल भारतः इंडिया डिजिटल प्रोक्योरमेंट रिपोर्ट 2026' जारी की है। इसका निष्कर्ष है कि देश में 80.4 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां डिजिटल खरीद को अपने कारोबार के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मानती है। इस रिपोर्ट पर आईएसएफ की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, 'सर्वे में 80.4 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयों का मानना है कि अगले तीन वर्षों में डिजिटल खरीद उनके कारोबार के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं, 68.7 प्रतिशत एमएसएमई भविष्य में कच्चे माल और 61.3 प्रतिशत मशीनरी एवं उपकरणों की खरीद ऑनलाइन करना चाहते हैं।

## कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर अब सिंगल ऑल इंडिया लाइसेंस के साथ सभी मार्गों पर कर सकेंगे परिचालन

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेल ने भारतीय रेल नेटवर्क पर कंटेनर ट्रेनों के परिचालन के लिए ऑपरेटरों को अनुमति देने संबंधी मॉडल कन्सेशन एग्रीमेंट (एमसीए) में संशोधनों को मंजूरी दी है। स्वीकृत संशोधनों के तहत अब कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों (सीटीओ) को अलग-अलग मार्ग श्रेणियों के लिए पृथक अनुमति और शुल्क की मौजूदा व्यवस्था के स्थान पर 25 करोड़ रुपए के एकसमान पंजीकरण शुल्क के साथ सिंगल ऑल-इंडिया लाइसेंस के आधार पर भारतीय रेल नेटवर्क के सभी मार्गों पर कंटेनर ट्रेनों का परिचालन करने की अनुमति होगी। इन संशोधनों को राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा।

स्वीकृत संशोधनों के तहत लाइसेंस की वर्तमान मार्ग-वार श्रेणीकरण व्यवस्था समाप्त कर दी जाएगी। रेल मंत्रालय की स्वीकृति के अधीन, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों को सिंगल ऑल इंडिया लाइसेंस प्रदान किया जाएगा, जिससे वे भारतीय रेल नेटवर्क के सभी मार्गों पर कंटेनर ट्रेनों का परिचालन कर सकेंगे।

विभिन्न मार्ग श्रेणियों के लिए अलग-अलग



पंजीकरण शुल्क लेने की मौजूदा व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब प्रत्येक आवेदक को भारतीय रेल नेटवर्क के सभी मार्गों पर परिचालन के लिए 25 करोड़ रुपए का अप्रतिदेय एकसमान पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

स्वीकृत संशोधनों के अनुसार, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर को दी गई अनुमति की अवधि समाप्त होने के बाद उसे आगे 20 वर्षों के लिए बढ़ाया

■ लाइसेंस की वर्तमान मार्ग-वार श्रेणीकरण व्यवस्था समाप्त कर दी जाएगी

जा सकेगा। यह विस्तार सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऑपरेटर के आवेदन तथा उसके संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया जाएगा। इस विस्तार अथवा भविष्य में उसी ऑपरेटर को दिए जाने वाले किसी भी अन्य विस्तार के लिए कोई विस्तार शुल्क नहीं लिया जाएगा।

कैटेगरी-फर्स्ट लाइसेंसधारी ऑपरेटर अपनी वर्तमान श्रेणी के अंतर्गत अपनी कन्सेशन अवधि समाप्त होने तक परिचालन जारी रख सकेंगे। नई लाइसेंस व्यवस्था के तहत नवीनीकरण या विस्तार के समय उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कैटेगरी-सेकेंड, थर्ड, और फोर्थ के ऑपरेटर भी अपनी वर्तमान श्रेणियों के अंतर्गत अपनी कन्सेशन अवधि पूरी होने तक परिचालन जारी रख सकेंगे। नई लाइसेंस व्यवस्था के तहत नवीनीकरण या विस्तार के लिए उन्हें 15 करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा। यह राशि नए 25 करोड़ रुपए के शुल्क और पहले से जमा किए गए 10 करोड़ रुपए के बीच का अंतर है। यह राशि अप्रतिदेय होगी।

## भारतीय आईटी सेक्टर में भर्ती सालाना 10 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के तकनीकी रोजगार बाजार में इस समय दो अलग-अलग रुझान देखने को मिल रहे हैं। एक ओर टेक्नोलॉजी से जुड़े कार्यों की मांग में सालाना 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर एंट्री-लेवल आईटी नौकरियों में कमी देखने को मिली है। यह जानकारी जॉब पोर्टल फाउंडइट की एक नई रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित भूमिकाएं तेजी से भर्ती का हिस्सा बन रही हैं। एक साल पहले जहां एंट्री-लेवल भर्तियों में एआई से जुड़े पदों की हिस्सेदारी लगभग 1 प्रतिशत थी, वहीं अब यह बढ़कर 4 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनियां अब केवल एआई मॉडल विकसित करने के लिए ही नए उम्मीदवारों की भर्ती नहीं कर रही हैं। इसके बजाय वे ऐसे प्रतिभाशाली कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं, जो एआई सिस्टम का संचालन, सत्यापन और अनुकूलन कर सकें। आईटी उद्योग में फ्रेशर भर्ती की




■ एआई से जुड़े पदों की मांग में तेज उछाल

हिस्सेदारी भी घटी है। पिछले वर्ष जहां कुल फ्रेशर हायरिंग में आईटी सेक्टर का योगदान 32 प्रतिशत था, वहीं अब यह घटकर 24 प्रतिशत रह गया है। इससे संकेत मिलता है कि तकनीक-आधारित नौकरियां अब केवल पारंपरिक आईटी कंपनियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बैंकिंग, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग), हेल्थकेयर और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से बढ़ रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी ऑक्युपेशन इंडेक्स में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि आईटी इंडस्ट्री इंडेक्स में 6 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सोने की कीमत 7 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) की बढ़ती मांग के चलते गुरुवार के कारोबारी सत्र में सोने की कीमतें 7 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की उम्मीद से पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत मिले हैं, फिर भी अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट ने सोने को मजबूती प्रदान की।



■ सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग से चमका गोल्ड

इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलीवरी वाले सोना का वायदा भाव 536 रुपए यानी 0.36 प्रतिशत बढ़कर 1,49,029 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। कारोबार के दौरान यह 1,49,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे हाई तक पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव की तुलना में 1,207 रुपए यानी 0.81 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।

वहीं, चांदी में भी शुरुआती कारोबार के दौरान खरीदारी का रुझान देखने को मिला।

सितंबर डिलीवरी वाली चांदी वायदा ने 2,28,397 रुपए प्रति किलोग्राम का इंट्राडे हाई छुआ, जो पिछले बंद भाव 2,27,584 रुपए की तुलना में 813 रुपए या 0.35 प्रतिशत अधिक था। हालांकि बाद में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिली और चांदी 583 रुपए यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,27,001 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती नजर आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी, दोनों में मजबूती दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोना 0.36 प्रतिशत बढ़कर 4,320 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62.36 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## देखभाल क्षेत्र में कौशल विकास से बढ़ेंगे रोजगार व आर्थिक अवसर : नीति आयोग

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। देश में देखभाल सेवाओं की मौजूदा और भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित देखभालकर्ताओं का एक मजबूत समूह तैयार करने की जरूरत बढ़ रही है। साथ ही, भारतीय देखभालकर्ता पेशेवरों के लिए वैश्विक स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की भी आवश्यकता है। यह बात नीति आयोग की एक नई रिपोर्ट में कही गई है।

रिपोर्ट में देखभालकर्ताओं को देखभाल व्यवस्था का केंद्र बताया गया है। इसमें देखभाल कार्य को एक कुशल, सम्मानजनक और मूल्यवान पेशे के रूप में मान्यता देने पर जोर दिया गया है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण देखभाल, पेशेवर पहचान, कार्यबल कल्याण, संस्थागत सहयोग और परिवारों व समुदायों को विश्वसनीय तथा किफायती देखभाल सेवाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता रेखांकित की गई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक




कुमार लाहिड़ी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर केयरगिवर्स की बढ़ती मांग भारत के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। इसके माध्यम से भारत पारंपरिक देखभाल सेवाओं के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व स्थापित कर सकता है, बड़े आर्थिक मूल्य का सृजन कर सकता है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इससे देखभालकर्ताओं को बेहतर पहचान और सामाजिक सुरक्षा मिल सकेगी। साथ ही भारत की सांस्कृतिक विरासत, ज्ञान-आधारित विशेषज्ञता और सॉफ्ट

वैश्विक स्तर पर केयरगिवर्स की बढ़ती मांग भारत के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करती है : अशोक कुमार लाहिड़ी

पावर को भी वैश्विक स्तर पर मजबूती मिलेगी। यह रिपोर्ट भारत के देखभाल संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को प्रस्तुत करती है और एक संगठित, पेशेवर, सुलभ और भविष्य के लिए तैयार देखभाल प्रणाली के निर्माण के लिए एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करती है।

नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम के अनुसार, 'सेवा और संवेदना' हमेशा से भारत की सभ्यतागत विचारधारा के केंद्र में रही हैं, और देखभाल करना इन शाश्वत मूल्यों को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत देखभाल प्रणाली सामाजिक समावेश को मजबूत करेगी, एक देखभाल करने वाले समाज का विकास करेगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।